चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 112, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 21 मई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट




# भारत 2024 में क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा: मोदी

**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने हिंद प्रशांत क्षेत्र (इंडो-पैसिफिक) के सुरक्षा संवाद मंच क्वाड की अगली शिखर वार्ता (वर्ष 2024) की मेजबानी करने की पेशकश की है। प्रधानमंत्री मोदी ने जापान के शहर हिरोशिमा में शनिवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस के साथ क्वाड शिखर वार्ता में भाग लिया। उन्होंने कहा कि क्वाड वैश्विक भलाई, मानव कल्याण, शांति और समृद्धि के लिए प्रयास करने पर केंद्रित है। भारत को वर्ष 2024 में क्वाड शिखर वार्ता का आयोजन करने में खुशी होगी। उन्होंने कहा कि क्वाड शिखर वार्ता हिंद प्रशांत क्षेत्र में समावेशी और मानवकेंद्रित विकास के मुद्दों पर विचार-विमर्श करने का अवसर है।

उल्लेखनीय है कि क्वाड शिखर वार्ता सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) में आयोजित होनी थी, लेकिन राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यक्रम में परिवर्तन होने के कारण इसे टाल दिया गया था। बाद में क्वाड नेताओं ने हिरोशिमा में अपनी मौजूदगी का उपयोग करते हुए वहीं पर आयोजित करने का फैसला किया।

## पर्यावरण सुरक्षा के लिए धरती की पुकार सुनें: मोदी

**नई दिल्ली, 20 मई (हि.स.)। प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने हिरोशिमा (जापान) में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन पर आयोजित सातवें सत्र में अंतरराष्ट्रीय बिरादरी से धरती की पुकार सुनने का आह्वान किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के अनुकूल जीवन शैली अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण पर हमेशा जोर दिया है। भारत की विकास यात्रा भी इसी आदर्श पर आधारित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम इतिहास के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़े हैं। अनेक संकटों से ग्रस्त विश्व में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा, आज के समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से हैं। इन बड़ी चुनौतियों का सामना करने में एक बाधा यह है कि हम जलवायु परिवर्तन को केवल ऊर्जा के परिप्रेक्ष्य से देखते हैं। हमें अपनी चर्चा का स्कोप बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा, भारतीय सभ्यता में पृथ्वी को मां का दर्जा दिया गया है



और इन सभी चुनौतियों के समाधान के लिए हमें पृथ्वी की पुकार सुननी होगी। उसके अनुरूप अपने आप को, अपने व्यवहार को बदलना होगा। इसी भावना से भारत ने पूरे विश्व के लिए मिशन लाइफ, अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन, मिशन हाइड्रोजन, जैव ईंधन गठबंधन, बिग कैट गठबंधन जैसे संस्थागत समाधान की रचना की है। उन्होंने कहा कि आज भारत के किसान "प्रति बूंद अधिक फसल" के मिशन पर चलते हुए पानी की एक एक बूंद बचा कर प्रगति और विकास की राह पर चल रहे हैं। हम 2070 तक नेट जीरो के हमारे लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे विशाल रेलवे नेटवर्क ने 2030 तक नेट जीरो पहुंचने का निर्णय लिया है। इस समय भारत में नवीकरणीय ऊर्जा की संस्थापित क्षमता लगभग 175 गीगावॉट है। 2030 यह 500 गीगावॉट पहुंच जाएगी। हमारे सभी प्रयासों को हम पृथ्वी के प्रति अपना दायित्व मानते हैं। यही भाव हमारे विकास की नींव हैं और हमारी विकास यात्रा के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों में निहित हैं। भारत की विकास यात्रा में पर्यावरण प्रतिबद्धताओं एक बाधा नहीं बल्कि उत्प्रेरक का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जलवायु क्रिया की दिशा में आगे बढ़ते हुए हमें ग्रीन और स्वच्छ प्रौद्योगिकी आपूर्ति श्रृंखला को लचीला बनाना होगा। अगर हम जरूरतमंद देशों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और किफायती वित्तपोषण उपलब्ध नहीं कराएंगे, तो हमारी चर्चा केवल चर्चा ही रह जायेगी। जमींन पर बदलाव नहीं आ पाएगा। उन्होंने कहा कि मैं गर्व से कहता हूं कि भारत के लोग पर्यावरण के प्रति सचेत हैं और अपने दायित्वों को समझते हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के साथ की द्विपक्षीय संब

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को हिरोशिमा में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार, आर्थिक क्षेत्रों में सहयोग, रक्षा क्षेत्र में सह-उत्पादन, विनिर्माण और असैन्य परमाणु सहयोग सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने आगामी 14 जुलाई को बैस्टिल दिवस के लिए सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए राष्ट्रपति मैक्रों को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने भारत के जी-20 प्रेसीडेंसी के लिए फ्रांस के समर्थन के लिए राष्ट्रपति मैक्रों को धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय विकास और वैश्विक चुनौतियों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इन नेताओं ने व्यापार और आर्थिक क्षेत्रों में सहयोग सहित नागरिक उड्डयन, नवीकरणीय, संस्कृति, रक्षा क्षेत्र में सह-उत्पादन और विनिर्माण के साथ ही असैन्य परमाणु सहयोग के साथ विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सामरिक भागीदारी में प्रगति की समीक्षा की। इसके साथ-साथ वे नए डोमेन में साझेदारी का विस्तार करने पर सहमत हुए।

## सिद्धा-डीके ने ली मंत्री पद की शपथ

### शपथ ग्रहण समारोह को विपक्षी एकता का मंच बनाने की रही कोशिश

**नई दिल्ली। कर्नाटक** में कांग्रेस पार्टी की नई सरकार के गठन को लेकर बाद पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कर्नाटक की जनता से किये गये सभी वादे को पूरा किये जाएंगे। बेंगलुरु में एक भव्य समारोह में सिद्धारमैया ने सूबे के मुख्यमंत्री और डीके शिवकुमार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह बेंगलुरु के श्रीकांतीरवा स्टेडियम में आयोजित किया गया था। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने दोनों नेताओं और उनके मंत्रिमंडल को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कई विपक्षी दलों के नेता भी मौजूद रहे। समारोह में पार्टी अध्यक्ष खड़के ने कहा कि चुनाव के समय जिन पांच वादों को कांग्रेस



ने कर्नाटक की जनता से किया था, उसे तय समय में पूरा किया जाएगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी अपने संबोधन में कहा कि कर्नाटक की जनता ने मोहब्बत की दुकान खोल कर नफरत की दुकान को बंद कर दिया है। राहुल ने शपथ ग्रहण समारोह में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक की जनता से जो पांच वादे किए हैं, उसे पूरा किया जाएगा। आगे उन्होंने दावा किया कि अगले एक दो घंटे में कर्नाटक की नई सरकार की पहली कैबिनेट की बैठक होनी है। बैठक में हमारे जो पांच वादे हैं, वे कानून बन जाएंगे।

कर्नाटक की जनता ने कांग्रेस पर भरोसा जताया है। इसके लिए राज्य की जनता बधाई की पात्र है।

**सिद्धारमैया व शिवकुमार के साथ आठ अन्य विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ:** सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के साथ-साथ कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने आठ अन्य विधायकों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई, जिनमें डॉ. जी परमेश्वर, केएच मुनियप्पा, केजे जॉर्ज, एमबी पाटिल को कैबिनेट मंत्री और सतीश जारकीहोली, प्रियांक खड़गे, रामालिंगा रेड्डी और जमीर अहमद खान को राज्यमंत्री पद की शपथ दिलाई।

## पिछले 9 साल में 231 प्राचीन कलाकृतियों को भारत वापस लाया गया: सिंह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले 9 सालों में 231 प्राचीन कलाकृतियों को भारत वापस लाया गया जबकि आजादी के 70 साल के बाद विदेश से केवल 13 अमूल्य धरोहर वापस लाईं गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारी विरासत के संरक्षण और एक नई विरासत के निर्माण को उच्च प्राथमिकता दी है। केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह शनिवार को प्रगति मैदान में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उद्घाटन किए गए ।

## ट्रांसफर-पोस्टिंग मामला: केंद्र ने दाखिल की पुनर्विचार याचिका



**नई दिल्ली। केंद्र सरकार** ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर अधिकारियों पर दिल्ली सरकार को पूरा नियंत्रण देने वाले फैसले पर दोबारा विचार की मांग की है। 11 मई को सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान बेंच ने फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट ने उप-राज्यपाल को दिल्ली सरकार के मंत्रिमंडल की सलाह पर काम के लिए कहा था। अब केंद्र सरकार ने इस पर पुनर्विचार याचिका दाखिल कर दी है। शुक्रवार देर शाम केंद्र सरकार ने अध्यादेश जारी कर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को निष्प्रभावी कर दिया है। नियम के मुताबिक पुनर्विचार याचिका पर वही बेंच विचार करती है, जिसने मूल फैसला दिया था। इसके बाद बेंच तय करती है कि उसे मामला दोबारा सुनने की जरूरत है या नहीं।11 मई को चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय बेंच ने सर्वसम्मत फैसले में कहा था कि उप-राज्यपाल की शक्तियां उन्हें दिल्ली विधानसभा और निर्वाचित सरकार की विधायी शक्तियों में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं देती हैं। यानी दिल्ली सरकार का पुलिस, कानून-व्यवस्था और भूमि पर नियंत्रण नहीं है।

कोर्ट ने कहा था कि नौकरशाह इस धारणा के तहत नहीं हो सकते कि वे मंत्रियों के प्रति जवाबदेह होने से अछूते हैं। अगर अधिकारी इस धारणा के तहत मंत्रियों को जवाब नहीं देते हैं तो वे लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार के लिए बेहिसाब हो जाएंगे।

## दिल्ली यूनियन टेरिटरी है ना कि अरविंद टेरिटरी: बीजेपी

**नई दिल्ली।** अधिकारियों के तबादले को लेकर जारी अध्यादेश पर जहां दिल्ली के मुख्यमंत्री हमलावर हैं वहीं भाजपा ने 'आप' पर फिर निशाना साधा है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पत्रकारवार्ता में कहा कि दिल्ली एक यूनियन टेरिटरी है, अरविंद टेरिटरी नहीं है। यह संविधान से चलेगा, केजरीवाल के कानून से नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने जिस तरह से अध्यादेश पर प्रेसवार्ता की, इससे यही निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि केजरीवाल जिस संविधान की शपथ लेकर



मुख्यमंत्री बने हैं, उसी संविधान को वह नहीं मानते और उसे तार-तार कर रहे हैं। उनके स्वभाव में पूरी तरह अराजकता आ गई है। इससे पहले, शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केन्द्र सरकार पर हमला करते हुए विपक्ष से एकजुट होने की अपील की थी।

## भारत पीएम मोदी के हाथों में सुरक्षित: वीके सिंह

**गाजियाबाद।** मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के लिये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) की एक बैठक मोहन नगर स्थित आईटीएस में शनिवार को हुई। जिसमें पूरे एक महीने तक अभियान चलाने की रूप रेखा तैयार की गई। बैठक में प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने कहा कि महासंपर्क अभियान में हमें घर-घर जाकर प्रधानमंत्री के विकास एवं कल्याणकारी कार्यों का संदेश देना है। बैठक में प्रदेश मंत्री महानगर प्रभारी अमित बाल्मीकि ने बताया मंडल स्तर पर पार्टी के कार्यक्रम के मुताबिक आगामी 22 अथवा 23



मई को मंडल की कार्यसमिति के साथ महासंपर्क अभियान को जमीनी स्वरूप देने के लिए बैठक की जाएगी। 29 मई को बीजेपी के प्रदेश मुख्यालय में एक केंद्रीय मंत्री,मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी। 30 और 31 मई को पीएम नरेंद्र मोदी जनसभाओं के जरिए कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। 1 जून से 22 जून तक चलेगा समर्थन अभियान। 2 और 3 जून को विकास तीर्थ यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 4 जून को सार्वजनिक स्थलों पर भाजपा के सोशल मीडिया ग्रुप की बैठक होगी। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने कहा कि लोगों की इच्छा है कि मोदी तीसरी बार देश का नेतृत्व करें। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नौ वर्ष भारत के स्वाभिमान और सम्मान का वर्ष है। यह गांव गरीब किसान के कल्याण का वर्ष है। यह अंत्योदय से सर्वोदय तक का वर्ष है। यह देश को निराशा से आशा में बदलने का वर्ष है। यह साल बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था का, दुनिया में भारत की बढ़ती साख का वर्ष है। यह आत्मनिर्भर भारत का वर्ष है। उन्होंने कहा कि इन उपलब्धियों से भाजपा कार्यकर्ता 30 मई से 30 जून तक चलने वाले महासंपर्क अभियान को सफल बनाएंगे।

### तीन स्क्वाड्रन के 50 जेट ग्राउंडेड, राजस्थान में 8 मई को हुए क्रैश के बाद फैसला

## वायुसेना ने सभी मिग-21 लड़ाकू विमानों की उड़ान रोकी

**नई दिल्ली: इंडियन** एयरफोर्स ने मिग-21 लड़ाकू विमान के पूरे बेड़े के उड़ान भरने पर रोक लगा दी है। राजस्थान में 8 मई को क्रैश हुए मिग-21 की जांच पूरी होने तक सभी विमानों को ग्राउंडेड रखने का फैसला किया है। राजस्थान के हनुमानगढ़ में मिग-21 फाइटर जेट क्रैश में 3 महिलाओं की मौत हो गई थी। एयरफोर्स अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि हादसे की वजहों का पता लगने तक मिग विमान उड़ान नहीं भरेंगे। फिलहाल एयरफोर्स में मिग-21 की 3 स्क्वाड्रन हैं। हर स्क्वाड्रन में 16 से 18 एयरक्राफ्ट होते हैं। इस हिसाब से लगभग 50 मिग-21 सर्विस में हैं। इन्हें 2025 तक रिटायर किया जाना है।



इंडियन एयरफोर्स के पास कुल 31 कॉम्बेट स्क्वाड्रन हैं।

**सभी मिग 21 को उड़ान भरने से रोकना जोखिम, दुविधा में वायुसेना:** भारतीय वायुसेना का मानना है कि चीन या पाकिस्तान से युद्ध हुआ, तो हमें इन दोनों देशों की साझा वायुसेना का सामना करना पड़ सकता है। इसी खतरे के मद्देनजर हमारी वायुसेना में लड़ाकू विमानों की 42 स्क्वाड्रन रखना तय किया गया है। हमारी एक स्क्वाड्रन में करीब 18 विमान होते हैं। हालांकि लगातार मिग 21 के क्रैश होने और नए विमान खरीदने में नाकामी के चलते आज हमारी वायुसेना 42 की जगह 32 स्क्वाड्रन से काम चला रही है। इनमें भी अकेले मिग-21 की 3 स्क्वाड्रन हैं। यही वे स्क्वाड्रन हैं जिनकी उड़ान पर रोक लगा दी गई है। इससे अचानक वायुसेना का शक्ति संतुलन बिगड़ गया है।

## दो हजार रुपये के नोट वापस लेने से नहीं पड़ेगा व्यापारियों पर कोई असर: कैट

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने दो हजार रुपये के नोट को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के वापस लेने के फैसले को सही कदम करार दिया है। कैट ने कहा कि आरबीआई का आदेश नागरिकों को अपनी दैनिक खरीदारी में डिजिटल भुगतान को स्वीकारने, अपनाने और प्रोत्साहित करने की दिशा में उठाया गया सहरानीय कदम है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने



शनिवार को कहा कि आरबीआई के इस कदम से छोटे व्यापारियों के व्यापार पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन निश्चित रूप से बड़े और संपन्न वर्ग को झटका लगेगा, जिन्होंने बड़ी मात्रा में दो हजार रुपये के नोटों का स्टॉक किया होगा।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत मिशन लाइफ का शुभारंभ आज से पांच जून तक

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन प्रदेश सरकार के दिशा निर्देश पर आज से पांच जून तक मिशन लाइफ कि शुरूआत नगर पंचायत द्वारा किया गया। मिली जानकारी के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन पर नगर पंचायत मऊआइमा द्वारा आज शनिवार से पांच जून तक मिशन लाइफ की शुरूआत की गई। इसका उद्देश्य यह है कि नागरिकों एंव आने वाली पीढियों के लिए मिशन लाइफ के तहत नगर पंचायत मऊआइमा में निवास करने वाले नागरिक अनुपयोगी/उपयोगी पुस्तकें, प्लास्टिक के बोतलों, कपडे, खिलौने, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों आदि को एकत्रित कर नगर क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों से घूम कर एकत्रित किया जाएगा। उक्त योजना आर आर आर ऑन व्हील प्रत्येक जगह घूमेंगी। ताकि जरुरतमंदों को दिया जा सके।

# अनशन की भेंट चढ़ा कोरांव सम्पूर्ण समाधान दिवस

## मेजा के बजाय कोराव तहसील में ही 151 सीआरपीसी आदि की निगरानी पर अड़े अधिवक्ता



अनशन पर बैठे अधिवक्ता



समाधान दिवस कोरांव में बार बेंच के मध्य वार्ता का दृश्य

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** शनिवार को चुनाव के बाद पहली बार आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील कोरांव अधिवक्ता संघ की जायज मांगों को ले कर हुए अनशन से फरियादी निराश दिखे,अधिवक्ता संघ एसीपी मेजा कार्यालय के बजाय कोरांव तहसील में ही एसीपी मेजा के स्तर से ही शांति भंग आदि मामलों की निगरानी,जमानत कार्यवाही किए जाने की मांग कर रहे। दरअसल प्रयागराज पुलिस कमिश्नरी होने के बाद से थाना कोरांव आदि के आरोपियों की चालान कार्यवाही जमानत,इत्यादि मेजा सर्किल के एसीपी कार्यालय में होने लगी जिससे कोरांव के लोगों को तहसील छोड़ कर मेजा जाना उल्टा पड़ने लगा। और दिक्कतें भी। जिससे अधिवक्ता गण कोरांव खीरी थाने के उक्त मामले एसीपी मेजा के स्टाफ कोरांव में बैठ कर देखें,इस निमित्त पूर्व में भी मांग जन प्रतिनिधियों के माध्यम से भी की थी किंतु अमल न होने पर वकीलों ने समाधान दिवस में मांगें पूरी करने हेतु अनशन का रास्ता अख्तियार किया। प्रभारी समाधान दिवस कोराव एडीएम सिविल सप्लाई प्रयागराज जे पी ने डीएम से वार्ता कर समाधान का आश्वासन दिया। अधिवक्ता गण समाधान दिवस परिसर के में गेट पर ही बैठ कर अनशन किए जिससे फरियादी समाधान दिवस आयोजन में नहीं जा पाए। बार के अधिवक्ता अध्यक्ष उमाकांत त्रिपाठी,रविंद्र मिश्रा,ललन तिवारी, सशी दुवेदी,बृजेश मिश्रा,संतोष कुमार मिश्र,यादवेंद्र यादव,अव्यक्त राम मिश्रा आदि अधिवक्ता भारी संख्या में शामिल रहे।

## उप स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग होने से ग्रामीणों में आक्रोश

### ग्रामीण संघर्ष समिति के बैनर तले आंदोलन की चेतावनी, सीएचसी अधीक्षक ने सीएमओ को लिखा पत्र

**फूलपुर।** फूलपुर विकास खण्ड के सराय अभय चंद उर्फ चंदौकी गांव में निमार्णाधीन स्वास्थ्य उपकेंद्र में घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। चंदौकी गांव निवासी वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार ने जिलाधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर आरोप लगाया कि ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गांव में बन रहे उप स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण में जिम्मेदारों द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है। निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली ईट की जहां गुणवत्ता खराब है वहीं निर्माण कार्य के मानकों का पालन नही किया जा रहा है। उन्होंने सम्बन्धित ठेकेदार के साथ ही कार्यप्रभारी पर धन का दुरूपयोग करने का आरोप लगाया। वही ग्रामीण संघर्ष समिति के सदस्यों ने जांच कर कारवाई न होने पर वृहद आंदोलन की चेतावनी दी । ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को मानक के विपरित करने पर डीएम का घेराव करने की बात कही।

## न्यूज झरोखा

### स्टैंडर्ड इं. कालेज में बोर्ड की परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित



**मऊआइमा।** मऊआइमा के स्थानीय स्टैंडर्ड इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रांगण में आयोजित बोर्ड परीक्षा 2023 में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं के सम्मान में एवं नगर पंचायत मऊआइमा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हाजी मोहम्मद शोएब अंसारी के चौथी बार विजयी होने पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मऊआइमा के स्टैंडर्ड इन्टर मीडिएट कालेज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ नदीम इंतखाब ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहम्मद शोएब अंसारी, ब्लाक प्रमुख मऊआइमा इम्तियाज शमी एवं नगर पंचायत मऊआइमा के प्रसिद्ध व्यवसायी मोहम्मद मूसा अंसारी थे। उक्त अतिथियों द्वारा विद्यालय के इंटर के मेधावी छात्रों मोहम्मद दव्वास, प्रदीप सोनी, अरुण सिंह, फारिया बानो, मोहम्मद अयान, सलोनी, तहसीन बानो, अलशिफा जावेद, मोहम्मद हुजैफा, अक़्सा नाज, अवंतिका पांडे, शरजील अंसारी एवं हाईस्कूल में अबू हस्सान, समद अहमद, मोहम्मद एहतेशाम, आरिफ अली, रंजना, अनुराग, मुस्कान, प्रियंका, मोहम्मद शारिक एवं मंजीत कुमार को अतिथियों द्वारा ?8700 पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक मोहम्मद यूनुस, प्रधानाचार्य राकेश यादव, वरिष्ठ अध्यापक मोहम्मद अशफाक, अखलाक अहमद, लियाकत अली, आबिद लतीफ, गोविंद दुबे, मेराज अहमद आदि ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### योग खेलकूद एवं शिक्षा में उत्कृष्ट छात्रों का हुआ सम्मान




**प्रयागराज।** पारस फाउंडेशन संस्था द्वारा मीरापुर स्थित डी.ए.वी. इंटर कॉलेज में "युवा गौरव सम्मान समारोह" का आयोजन कर योग, खेलकूद एवं शिक्षा में उत्कृष्ट छात्रों का सम्मान किया गया जिसमे कक्षा 8 से सार्थक सिंह, मनीष कुमार भारतीय कक्षा 9 से समर्थ सिंह, मनीषा क्रमश प्रथम एवम द्वितीय स्थान खेलकूद में, हाईस्कूल में गणित में 97% प्राप्त संदीप कुमार मिश्र, हिंदी में 97% प्राप्त अनुष्का, योग में क्रमशः विवेक नारायण, पिंकी सिंह, को प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर आए। सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्यागी ने छात्रों को पुरस्कृत करते हुए आगे बढ़ने के लिए मेहनत करने की बात की। मधुमिता नाथ ने छात्राओं को प्रमाण पत्र देते हुए कहा कि लड़कियां देश का नाम रोशन कर रही है आप सब उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें। सुभाष तिवारी, अनिल पांडेय, अरुण निषाद, शुभेंद्र पांडेय, ऑलवेज शाइन ट्यूटोरियल कोचिंग के डायरेक्टर कौशिक, दीप द्विवेदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### खोये मोबाइल पा कर खुश हुए लोग



**झूंसी।** स्थानीय पुलिस व सर्विलांस टीम के प्रयास से खोये हुए आधा दर्जन से अधिक एंड्राएड फोन बरामद किये गए। जिसे शनिवार को उनके मालिको को सुपुर्द कर दिया गया। मोबाइल पा कर लोग खुश हुए। एसीपी झूंसी चिराग जैन ने मोबाइल सौपते हुए बताया कि सभी मोबाइल माघ मेले के दौरान खोये हुए थे। ईएमआई नबर के माध्यम से सर्विलांस पर लगे थे। जैसे ही इसमें दूसरा सिम लगा खोये मोबाइल ट्रेस हो गए। झूंसी इंस्पेक्टर वैभव सिंह, उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव, कम्प्यूटर ऑपरेटर मनोज यादव व सर्विलांस सेल के प्रयास से सभी मोबाइल बरामद कर उनके मालिको को सौप दिया गया। इन लोगो के वापस हुए मोबाइल संगम विहार हवेलिया निवासी विनोद कुमार, कौशाम्बी मंझनपुर निवासी अभिषेक कुमार, श्री कृष्ण, कटका झूंसी निवासी शशांक शेखर, कनिहार निवासी आकास यादव, उतरांव मोतिया निवासी मनोज कुमार, अंदावा निवासी निकिता को मोबाइल सौपे गए।

# अंधेरगर्दी : तेरह मार्च को हुआ सामूहिक विवाह का आज तक नहीं मिल पाया अनुदान!

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** गत तेरह मार्च 2023 को श्रम विभाग द्वारा आयोजित मंडलीय सामूहिक विवाह के आयोजन में भारी संख्या में श्रमिकों के पुत्रियों के हाथ पीले हुए जिसके गवाह जिले के डीएम तथा श्रम मंत्री अनिल राजभर राज्य मंत्री कोरी जी सहित कई जन प्रतिनिधि सत्ता सासन के लोग थे किंतु आज तक कई तहसीलों के श्रमिकों अभिभावकों को पुत्री विवाह अनुदान योजना का लाभ श्रम मंत्री श्रम अफसरों से मांग के बावजूद नहीं मिला, जिससे श्रम विभाग की जन मानस में काफी किरकिरी हो रही है। दर असल उक्त कार्यक्रम में पंजीकृत श्रमिकों के करीब बारह सौ लड़कियों का सामूहिक विवाह तेरह मार्च को परेड ग्राउंड में हुआ था। जिसमें प्रति लाभार्थी 75 हजार रुपए के बजाय मात्र दस हजार रुपए वर वधुओं के वस्त्र आदि के लिए बैंकनखातों में भेजा गया था,किंतु 65 हजार रूपए आज तक कन्या विवाह अनुदान नहीं मिला जिससे वर वधुओं में उक्त विभाग की अव्यवस्था के प्रति गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है,साथ ही सरकार पर भी लोग उंगली उठाने लगे हैं। श्रम विभाग के ।डीएलसी प्रयागराज मंडल राजेश मिश्रा की बातों पर यकीन करें तो श्रम विभाग में धन नहीं है। जब सरकार देगी तब मिलेगा। कुछ अफसरों का कथन है कि विभाग की साइट बंद चल रही है जिससे पैसा नहीं भेजा जा पा रहा है। कुछ ने कहा था कि नगर निकाय की चुनाव आचार संमहिता के कारण भुगतान नहीं हो पा रहा। कुछ कह रहे की श्रम अधिकारियों की लापरवाही के कारण भुगतान नहीं हो पाया। प्रश्न यह है कि पूरे प्रयागराज मंडल की सामूहिक विवाह का सबसे बड़ा आयोजन था। जिसमे अन्य जिलों के लाभार्थियों को समय से अनुदान भेज दिया गया था। प्रयागराज के ही कई तहसीलों के लाभार्थियों को आज तक अनुदान नहीं दिया गया। कुछ श्रम अधिकारी प्रयागराज के बताते हैं कि दो चार दिन में पैसा आ जायेगा। तो कुछ बता रहें कि साइट विभाग की बंद है। किंतु साइट बंद रहने से लाभार्थियों के अनुदान से कोई मतलब नहीं है। यह विभाग की जिम्मेदारी है। साइट बंद करना और खोलना किंतु जिन श्रमिक और प्रतिनिधियों ने ड्रम अफसरों के कहने पर लक्ष्य पूरा करने की लिए रात दिन मेहनत किया वर वधुओं के सामूहिक विवाह कराए उक्त पुत्रियों के गौना थवन भी हो गया किंतु उन्हें अनुदान अभी तक नहीं मिला उन लोगों का दरवाजा घेर घेर कर श्रमिक लोग तरह तरह के आरोप लगा रहे हैं। और परेशान कर रहे हैं कि जब श्रम विभाग के पास धन नहीं था तो सामूहिक विवाह ही क्यों कराया गया। इसी तरह दी साल से निरंतर पुत्री विवाह अनुदान योजना आदि के आवेदनों की आज तक कोई भी अनुदान राशि नहीं भेजी जा रहीं है। जिससे श्रमिक परेशान हैं। कोराव विधान सभा के विधायक से ले कर तमाम लोगों ने श्रम अधिकारियों से कहा किंतु कोई कार्यवाही नजर नहीं आ रही है।

### श्रम विभाग के काबिना और राज्य मंत्री तथा डीएम भी रहे कार्यक्रम का हिस्सा, श्रमिकों में रोष



# पन्त की रचनाओं में प्रकृति का गहबर लोकरंग : बेशरम

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** प्रकृति की वादियों में झरबेरी की झुरमुट का हेमंत और बाग-बाग बगरे बसंत की अलौकिक छटा के अनूठे रचनाधर्मी सुमित्रानंदन पंत जी सचमुच प्रकृति के सुकुमार कवि थे।उनकी रचनाओं में रचे-बसे ऋतु लोकदर्शन की हृदयस्पर्शी अनुभूतियों का गहबर लोकरंग पूरी रागात्मिकता के साथ साहित्य कविता प्रेमी पाठकों के मन को बहुत करीब से छू जाता है। स्थानीय साधुकुटी स्थिति एसीआईटी संस्थान में कवि पंत की जयंती पर उन्हें याद कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए यह बातें हास्य कवि अशोक बेसरम ने कही। वरिष्ठ गीतकार डॉ.राजेन्द्र शुक्ल और डा.वीरेन्द्र कुसुमाकर ने कहा कि प्रकृति और राष्ट्र प्रेम उनके स्वभाव का प्रबल पक्ष था। आकर्षक शरीर सौष्ठव,निर्मल मन,सेवक स्वभाव और अनूठा व्यक्तित्व भी रचनाओं के साथ साथ बहुत प्रभावशाली था। सन्तोष शुक्ल समर्थ ने उनकी रचना और भाषा शैली को सहज,सरस और सरल की संग्या देते हुए उनकी कालजयी रचनाओं को याद किया। गीतकार जीतेंद्र जलज ने कहा कि छायावादी कवियों की पंक्ति में विशेष स्थान रखने वाले पल्लव,वीणा जैसी अमर कृति के रचनाकार पंत जी आजादी आंदोलन में भी सक्रिय रहे और पद्मभूषण से अलंकृत हुए।कवियों ने इस मौके पर उनकी सोच और लेखनी से प्रेरणा लेते हुए कवि के कृतित्व और व्यक्तित्व को याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। अध्यक्षता लोक कवि रामलोचन सांवरिया ने किया।इस मौके पर लोकगायक अवधनारायण यादव, रिंकू सिंह,राजेश शुक्ला, विपिन सिंह परिहार,कुंवर सिंह, अनुराग यादव समेत कई काव्यप्रेमी मौजूद रहे।

### जयंती पर याद किए गए सुमित्रा नंदन पंत



# मरखामऊ में पावरलूम बुनकरों को सरकारी योजनाओं से कराया गया अवगत



**मऊआइमा।** मऊआइमा के मरखा मऊ गांव में सहायक आयुक्त के यहां से आए हथकरघा वस्त्र निरीक्षक पल्लवी शर्मा एंव अतुल कुमार श्रीवास्तव औधोगिक प्रवेक्षक ने बुनकरों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा में शनिवार को सहायक आयुक्त के यहां से आए हथकरघा वस्त्र निरीक्षक पल्लवी शर्मा और अतुल कुमार शर्मा औधोगिक प्रवेक्षक ने मऊआइमा के मरखामऊ में बडे पैमाने पर चल रहे पावरलूम बुनकरों के यहां जा कर उन्हें सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। तथा सोलर पैनल लगा कर पावरलूम चलाने की बात भी बताई गई।जिसमें कहा गया है सरकार सोलर पैनल पर पचास प्रतिशत की छूट देगी। शर्त यह है कि पहले बुनकर अपने धन से सोलर पैनल लगा कर देखाए। बुनकरों ने आए हुए अधिकारियों को बताए कि सरकार पहले उन्हें सबसिडी पर बिल देती थी परन्तु अब सबसिडी का नाम बदलकर अटल बिहारी वाजपेयी फ्लैट रेट कर दिया है। बुनकरों के अनुसार सन 2006 से जो सब्सिडी उन्हें मिलती थी वह बंद कर दी गई है।बिलों का भुगतान 31मार्च 2023 तक पुराने रेट से लिया गया। अब अप्रैल से दस गुना बिल बुनकरों का बढा देने से अधिकांश पावरलूम बंद हो जाएंगें। यदि सरकार पूर्व की भांति बिलों का भुगतान बहाल करे तो सारे बुनकर इस पर विचार कर सकते हैं। बहरहाल आए हुए अधिकारी बुनकरों की इस जटिल समस्या सुन कर चले गए। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में 23 मई को एक शिविर लगा कर सरकारी योजनाओं के बारे में बताने की बात कह कर चले गए।

## दंबगो ने दलित कि बाउंड्री वाल गिरा कर मारा पीटा, युवती से की आश्लीलता मुकदमा दर्ज

### पिलखुआ गांव का है मामला पुलिस आयुक्त के आदेश पर आठ नामजद अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के पिलखुआ गांव में एक दलित परिवार दबंगों के जुल्म से ऊब गया है।दबंगो ने दलित की बाउंड्री वाल गिरा कर दौडा दौडा कर पीटा । तथा युवती के साथ आश्लील हरकतें की गई। कहीं सुनवाई न होने पर पुलिस आयुक्त के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने आठ नामजद अन्य अज्ञातों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के पिलखुआं ग्राम निवासी एक दलित का आरोप है कि दबंगों के कारण उसका जीना हराम हो गया है। दलित का आरोप है कि 7 मई को वह अपनी भूमिधरी जमीन पर बाउंड्री कर रहा था तभी गांव के दबंग एक राय होकर उसकी बाउंड्री गिरा दिए और जाति सूचक गालियां देते हुए परिजनों को मारे पीटे तथा उसकी पुत्री को घसीट ले गए तथा आश्लील हरकतें किए। विरोध पर जान से मारने की धमकी देते हुए यह चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में निर्माण किए तो खैर नहीं है। दलित का आरोप है कि उक्त घटना कई बार हो चुकी है परन्तु उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। दलित ने इस बार पुलिस आयुक्त के यहां न्याय की गुहार लगाई। पुलिस आयुक्त के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने ग्राम पिलखुआं निवासी अर्जुन पटेल, यशवंत कुमार, दिनेश कुमार, राम बाबू, गधिनहीं ,कृष्ण कुमार, राजू, कमल पटेल, तथा अन्य अज्ञातों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट सहित संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## अमेठी समाचार

# तहसील दिवस के बाद सीडीओ ने किया ग्राम पंचायत का निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**तिलोई अमेठी।** सान्या छाबड़ा मुख्य विकास अधिकारी अमेठी की अध्यक्षता में आयोजित तहसील तिलोई में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायती तथा प्रार्थना पत्रों का समय से गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण कराने हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। तत्पश्चात संपूर्ण समाधान समापन के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा विकासखंड तिलोई की ग्राम पंचायत चतरा बुजुर्ग का औचक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा विकासखंड तिलोई की ग्राम पंचायत चेतरा बुजुर्ग में संचालित अस्थाई गोवंश संरक्षण केंद्र का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान केंद्र पर कुल 170 गोवंश संरक्षित पाए गए तथा लगभग 400 कुंटल भूसा संग्रहित किया गया था व 32 बोरी पशु आहार पाया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त स्वतः रोजगार एवं संबंधित विकास खंड के सहायक विकास अधिकारी पंचायत, अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा गोवंश संरक्षण केंद्र के केयरटेकर को निर्देशित किया गया कि पानी की चारही में समय-समय पर साफ-सफाई होकर ही जल भरा जाए तथा गोवंश को निर्धारित मानक के अनुसार पर्याप्त मात्रा में चारा भूसा इत्यादि खाद्यान्न हेतु उपलब्ध कराया जाता रहे इसका विशेष ध्यान दिया जाए तथा केंद्र की साफ सफाई की व्यवस्था निरंतर संतोषजनक बनी रहे इस हेतु सहायक विकास अधिकारी पंचायत को निर्देश मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा दिए गए । केंद्र पर कुछ भूसा शेड के अंदर ना रखकर बाहर रखा हुआ था जिसे अविलंब शेड के अंदर संग्रहित करने हेतु संबंधित पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया तथा इसके साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि ग्रामीणों तथा आसपास की ग्राम पंचायतों के जनसामान्य को भूसा दान में देने हेतु भी प्रेरित करें। एक अतरिक्त शेड निर्माण कराने हेतु भी संबंधित पंचायत सचिव को निर्देश दिए गए। तदोपरांत पंचायत सचिवालय चेतरा बुजुर्ग का भी औचक निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा किया गया निरीक्षण के दौरान पाया गया कुमारी कविता पंचायत सहायक उपस्थित थी जो आयुष्मान योजना अंतर्गत अंत्योदय कार्ड धारकों का गोल्डन कार्ड बना रही थी मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा निर्देशित किया गया कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे इसका विशेष ध्यान दिया जाए तथा अभियान चलाकर अवशेष अंत्योदय कार्ड धारकों का जल्द से जल्द आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाकर प्रगति से अवगत कराएं। सहायक विकास अधिकारी पंचायत को निर्देशित किया गया कि समस्त ग्राम पंचायतों में यह कार्य अभियान के रूप में कराया जाए जिसकी समय-समय पर रिपोर्ट प्रेषित भी की जाए।इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया गया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत लाभार्थियों को रोजगार उपलब्ध होता रहे तथा ग्राम पंचायत में आवास प्राप्त लाभार्थियों का समय-समय पर मनरेगा योजना के तहत 90 दिवस की मजदूरी उपलब्ध कराए जाने हेतु नियमानुसार मस्टरोल जारी होता रहे इसका भी विशेष ध्यान दिया जाए।

## मुक्त साधना आश्रमके द्वारा विशाल भंडारे काआयोजन

**अमेठी।** मुक्ति साधना आश्रम निगोहां में हर साल कि तरह इस साल भी को राम कथा व बिशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें उमड़ा बिशाल जनसैलाब देश के कोने कोने से आते श्रधालुओं ने संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री बाल योगेश्वर महाराज जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया लोगो का मानना है कि स्वामी जी के दर्शन मात्र से सभी प्रकार के कष्ट दूर हो जाते हैं वही भक्तों का कहना है.भंडारे का प्रसाद चखने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

# मेघावी छात्रों को संस्था प्रबंधक ने प्रोत्साहित कर की उज्ज्वल भविष्य की कामना

**अखंड भारत संदेश**



**बाजार शुक्ल अमेठी।** अपनी निस्वार्थ भावना एवं कुशल कार्यशैली से समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले एक मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मे ग्राम पंचायत भटमऊ बाजार शुक्ल अमेठी निवासी समाजसेवी एवं कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक पी के तिवारी जो कि यथासंभव सामाजिक साहित्यिक, सांस्कृतिक खेल, शिक्षा, कृषि एवं चिकित्सा संबंधी सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देते रहते हैं और प्रबुद्ध जनों से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करते रहते हैं उसी क्रम में आज विकास खण्ड बाजार शुक्ल अमेठी स्थित माताफेर वासुदेव स्मारक इंटर कालेज हनुमान गंज पारा पहुंचकर विद्यालय संचालक बृजेश तिवारी से मुलाकात कर शिक्षा संबंधी विषयों पर चर्चा की वहीं कालेज के मेघावी छात्रों कलीम अहमद, उदय प्रताप सिंह एवं कमेन्द्र यादव को विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने पर संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि बतौर प्रबंधक प्रोत्साहन प्रमाण पत्र भेंटकर प्रोत्साहित कर उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त अवसर पर देशराज यादव, हेमंत मिश्रा, रीता मिश्रा, आरती तिवारी, पूजा प्रजापति, पूजा सरोज, ज्योति सरोज, नेहा चौरसिया, पूनम तिवारी एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# संस्था प्रबंधक ने क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी से मुलाकात कर सामाजिक विषयों पर की चर्चा

**अखंड भारत संदेश**



**मुसाफिरखाना, अमेठी।** अपनी निस्वार्थ भावना एवं कुशल कार्यशैली से समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले एक मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मे ग्राम पंचायत भटमऊ बाजार शुक्ल अमेठी निवासी समाज सेवी एवं कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक पी के तिवारी जो कि यथासंभव सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेल, शिक्षा, कृषि एवं चिकित्सा संबंधी सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देते रहते हैं और प्रबुद्ध जनों से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करते रहते हैं उसी क्रम में कादूनाला पर्यटन स्थल पहुंचकर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी (मुसाफिरखाना, शाहगढ़ एवं बाजार शुक्ल)रितेश कुमार वर्मा से सामाजिक विषयों पर चर्चा की एवं संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि द्वारा कराए जा रहे कार्यों से अवगत कराया वहीं युवा अधिकारी ने कहा कि समाजसेवी पी के तिवारी का समाज के प्रति उत्कृष्ट योगदान रहता है जो कि समाज के प्रति गौरवपूर्ण है संस्था प्रबंधक ने क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रितेश कुमार वर्मा को युवाओं के प्रति उत्कृष्ट योगदान देने हेतु उन्हें संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि बतौर प्रबंधक श्री राधा कृष्ण प्रतिमा भेंट किया उक्त अवसर पर सूर्य प्रकाश पाण्डेय एवं रमाशंकर मौर्या भी उपस्थित रहे, उपस्थित सभी लोगों ने समाजसेवी संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रशंसा कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### मधुमक्खी पालन आय का अच्छा स्रोत : मुकेश तिवारी

**सहसों।** मधुमक्खी हमारे जीवन में स्वास्थ्य के प्रति विशेष भूमिका में नजर आ रही है इनके द्वारा तैयार की गई शहद विभिन्न रोगों में पुरातन से कारगर साबित होता आ रहा है। इन्हें बचाना संरक्षित करना हम सबका कर्तव्य है। उक्त बातें विश्व मधुमक्खी पालन दिवस के अवसर पर क्षेत्र के वारी ग्राम सभा में आयोजित एक किसान गोष्ठी में कृषि विशेषज्ञ राजेश कुमार सिंह ने कहा। उन्होंने मधुमक्खी पालन से होने वाले कई फायदे के बारे में जानकारी भी दी। बताया कि मधुमक्खी पालन दिवस मनाने का महत्वपूर्ण उद्देश्य है कि मधुमक्खियों को संरक्षित किया जाए ताकि अधिक से अधिक संख्या में विलुप्त हो रही प्रजातियों को बचाया जा सके। शहद विभिन्न प्रकार की बीमारियों को दूर करने एवं अच्छे स्वास्थ्य के लिए पुरातन से बहुत ही गुणकारी है। मधुमक्खी पालन या मौन पालन के लिए कोरबेट इफको द्वारा समय-समय पर किसानों को प्रशिक्षित भी किया जाता है। ताकि क्षेत्र के किसान अच्छी से अच्छी जानकारी एकत्रित कर इसका लाभ उठा सकें। इस अवसर पर प्रकाश सिंह, जवर सिंह, शमशेर बहादुर सिंह, अरुण सिंह, राम अधार, ननकारी, कैलाश, बसंती देवी, आशा देवी आदि किसान रहे।

# फाफामऊ घाट पर नहाते समय गंगा में डूबे दो छात्र, गोताखोर खोजबीन में जुटे



गंगा में डूबे छात्र चाहत द्विवेदी और कृष्णा मिश्रा। फाइल फोटो



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** फाफामऊ घाट पर शनिवार को गंगा स्नान करते समय दो छात्र डूब गए। साथ में स्नान कर रहे लोगों ने शोरगुल मचाने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने खोजबीन शुरू की, लेकिन दोनों का कहीं पता नहीं चला। घटना के चलते परिवार में कोहराम मचा हुआ है। दोनों शांतिपुरम फाफामऊ के रहने वाले थे और गुरुकुल मांटेसरी स्कूल शांतिपुरम में पढ़ते थे। बताया जा रहा है कि पुल के नीचे सुबह करीब नौ बजे कई छात्र स्नान कर रहे थे। इस दौरान दो बच्चे गहरे पानी में समा गए। तेज बहाव होने के कारण दोनों देखते ही देखते लापता हो गए। घटना की सूचना पाकर परिवार के लोग भी रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए। फिलहाल पुलिस और गोताखोर दोनों की खोजबीन कर रहे हैं।गंगा में डूबे छात्रों की पहचान शांतिपुरम निवासी चाहत द्विवेदी पुत्र शिवमूर्ति द्विवेदी और कृष्णा मिश्र पुत्र लोकेश मिश्र के रूप में हुई। दोनों शांतिपुरम में ही गुरुकुल मांटेसरी स्कूल में पढ़ते थे। दो दिन पहले शिवकुटी गंगा घाट पर एमएनएनआईटी के दो छात्रों के डूबने की घटना अभी लोग भूल नहीं पाए थे कि दो बच्चे फिर डूब गए। बताया जा रहा है कि गर्मी में गंगा का जलस्तर कम होने के कारण घाटों की स्थिति बेतरतीब हो गई है। इसका अंदाजा न लगने के कारण नहाते समय लोग गहराई में चले जा रहे हैं।

### स्वच्छ भारत मिशन के द्वारा मिशन लाइफ की हुई शुरूआत

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के अंतर्गत नगरपंचायत सिरसा में आर०आर०आर० मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर स्वच्छ भारत मिशन निदेशक उ०प्र० के निर्देशों के क्रम में नगर पंचायत सिरसा प्रयागराज द्वारा अपने नागरिकों एवं अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए एक स्वच्छ / सुन्दर और जीवन दायक पर्यावरण और वातावरण स्थापित करने के लिए मिशन लाइफ की शुरुआत 20 मई 2023 से 05 जून 2023 तक की जा रही है। इस अभियान के अन्तर्गत शहर के नागरिकों को पुरानी अनुपयोगी / उपयोगी पुस्तक प्लास्टिक बाटल कपड़े खिलौने इलेक्ट्रिक सामान इत्यादि को इकट्ठा किया जायेगा। जिसके लिए 20 मई 2023 से 05 जून 2023 तक "RRR ON WHEEL" शुभारम्भ कर प्रत्येक गली मोहल्लों में घुमाया जायेगा। जिसमें नागरिक अपना पुरानी वस्तुएं दे सकेंगे। जिसे नगर पंचायत द्वारा अपने निर्धारित केन्द्र पर पुनः उपयोगी बनाकर पात्र नागरिकों को दिया जायेगा। मै चैतन्य कुमार तिवारी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सिरसा प्रयागराज नागरिकों से अपील एवं निवेदन करता हूं कि अपना योगदान देकर शहर को साफ सुन्दर बनाने में सहयोग करें।

## न्यूज झरोखा

### हॉलैंड हाल हॉस्टल खाली कराने के लिए पहुंची भारी फोर्स, विरोध कर रहे छात्रनेता हिरासत में



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हॉलैंड हाल छात्रावास को खाली कराया जा रहा है। बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ अधिकारी छात्रावास पहुंच गए हैं। तमाम छात्रनेता विवि प्रशासन और पुलिस की इस कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं। इसके चलते पुलिस को हॉस्टल खाली कराने में दिक्कत आ रही है। काफी दिनों से हॉस्टल को खाली कराने की तैयारी की जा रही थी।शनिवार को बड़ी संख्या में फोर्स के साथ प्रशासनिक अधिकारी हॉस्टल खाली कराने पहुंचे तो अंतःवासियों में अफरातफरी मच गई। छात्र इसका विरोध करने लगे। वहीं बड़ी संख्या में छात्रनेता पहुंच गए और इस कार्रवाई का विरोध करने लगे। पुलिस ने कार्रवाई का विरोध कर रहे छात्रनेता सत्यम कुशवाहा समेत तीन छात्रनेताओं को हिरासत में ले लिया है।

### संपूर्ण समाधान दिवस पर मेजा एसडीएम ने सुनी फरियाद



**मेजा रोड।** मई माह के तीसरे शनिवार को मेजा तहसील में एसडीएम मेजा अनुभव कन्नौजिया की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें कुल 169 शिकायतें आईं। इनमें से राजस्व विभाग के 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।शेष के लिए टीम गठित कर दी गईं शिकायतों के के क्रम में राजस्व के 62,पुलिस विभाग के 47,विकास के 28,समाज कल्याण के 3,स्वास्थ्य के 2 और अन्य विभाग के 27 शिकायतें रहीं।सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया।सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी ने संबंधित मामलों के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर एक सप्ताह में सभी मामलों को निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया है।इस मौके पर तहसीलदार मेजा डॉक्टर विशाल शर्मा,आपूर्ति निरीक्षक श्याम मोहन, एनटी मेजा राजेंद्र सिंह, एनटी ललतारा अनुरुद्ध सिंह, एडीओ पंचायत रमाकांत पांडेय,एडीओ समाज सुशांतु पांडेय सहित मेजा,मांडा व खीरी थाने से संबंधित पुलिस तथा सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सांसद रीता बहुगुणा ने युवा उत्सव कार्यक्रम प्रदर्शनी का फीता काटकर किया शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, प्रयागराज द्वारा राज्य शैक्षिक प्रबन्धन एवं प्रशिक्षण संस्थान एलनगंज में नेहरू युवा केन्द्र द्वारा माननीय प्रधानमंत्री के पंच प्रण पर अधारित युवा उत्सव कार्यक्रम 2023 में जन कल्याणकारी योजनाओं पर आधिरित एक दिवसीय चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रयागराज की सांसद प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी ने फीता काटकर किया। प्रो0 जोशी ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा इस तरह की प्रदर्शनी छात्र-छात्राओं और युवाओं के लिए बहुत ही उपयोगी है। द्वितीय सत्र में फूलपुर की सांसद केशरी देवी पटेल ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय, प्रो0 अशोक कुमार पाण्डेय, यूथ कार्नर पत्रिका के सम्पादक बृजेश प्रजापति, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे ऐशा सिंह, राजन, निर्मल कांत पाण्डेय आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे ।केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज के वरिष्ठ सहायक राम मूरत ने बताया कि इस प्रदर्शनी में युवाओं के नेतृत्व में विकास, शिक्षा अवसंरचना को बेहतर बनाना, स्टार्टअप्स को बढ़ावा, युवा शक्ति को कुशल बनाना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, नारी शक्ति,

**प्रदर्शनी के माध्यम से सरकार की योजनाओं के बारे में दी गयी जानकारी**



मध्यम वर्ग और जीवन यापन में आसानी, करदाताओं के जीवन को आसान बनाना, जीएसटी, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान कल्याण, पीएम फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम कृषि सिंचाई योजना, दिव्यांगजनों का सशक्तिकरण आदि विषयों नवीनतम आंकडों पर आधारित जानकारी प्रदर्शित की गयी। प्रदर्शनी के दौरान उपस्थित लोगों को न्यू इंडिया समाचार व प्रचार साहित्य भी उपलब्ध कराया गया।

### हंडिया की महिला के साथ कोटवा में हुई चैन छिनैती

**झूंसी में भी सफेद अपाचे सवार बदमाशों ने कोटवा की महिला की चैन छीन फरार हो गए थे**

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के कोटवा में बाइक सवार महिला के गले से चैन छीन बाइक सवार दो युवक ककरा की ओर भाग गए। मौके पर स्थानीय लोगो की भीड़ लग जुट गई। सूचना पर पहुची पुलिस जांच कर रही है। रात तक रिपोर्ट दर्ज नही हुई थी। हंडिया के वारी गांव की सरस्वती पांडेय पत्नी दयाशंकर पांडेय शनिवार को सुबह बाइक से अपने पुत्र अभिषेक के साथ पांडेयपुर किसी रिश्तेदार के यहां शादी में जा रही थी। कोटवा गांव में ग्रामीण बैंक के पास सफेद रंग की अपाचे बाइक सवार दो बदमाश आए और बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने सरस्वती के गले से सोने की चैन छीन लिया और ककरा की तरफ फरार हो गए। छीना झपटी में बाइक समेत मां बेटे गिर गए और जख्मी भी हो गए। बाइक से गिरते देख आसपास के लोग दौड़े और मां बेटे को उठाया। सूचना पर इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची और तफ्तीस किया। भुक्तभोगी ने पुलिस को तहरीर दिया है। अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। मामले में एसओ अरविंद कुमार राय का कहना है की घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज निकाला जा रहा है।

# हत्या के खुलासे में अब मोबाइल ही पुलिस की आखिरी आस, छठवें दिन भी नहीं मिला कातिल का सुराग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** कंपनी बाग में बेरहमी से मौत के घाट उतारी गई इरम सिद्दीकी (32) की हत्या पहेली बनकर रह गई है। 100 से ज्यादा लोगों से पूछताछ करने वाली पुलिस छठवें दिन भी खाली हाथ रही। ऐसे में अब इस हत्याकांड के खुलासे के लिए मृतका का मोबाइल ही पुलिस के लिए आखिरी आस है। पुलिस का सिरदर्द यह है कि अब तक यह मोबाइल भी बरामद नहीं किया जा सका है ।दरअसल घटना के बाद से मृतका का मोबाइल फोन गायब है। सीडीआर से पता चला है कि उसका मोबाइल 10.16 मिनट पर बंद हो गया था। जबकि सीसीटीवी फुटेज से साफ है कि 10.24 मिनट पर झूंसी निवासी महिला अपने बेटे व मुजावर के साथ मजार की तरफ गई और फिर अगले ही पल वह तेज कदमों से बाहर आ गए। ऐसे में साफ है कि हत्यारे ही मृतका का मोबाइल ले गया और उसने ही इसे बंद किया। फिलहाल पुलिस मोबाइल की तलाश में जुटी है। गौरतलब है कि मालवीय नगर निवासी इरम सिद्दीकी की हत्या 13 मई को दिनदहाड़े सिर कूंचकर कर दी गई थी। वह अपने चार साल के बेटे को ठीक सामने स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में छोड़कर आई थी और कुछ ही देर में उसे बेटे को लेकर वापस जाना था।

**सक्रिय नंबरों की जुटाई जा रही जानकारी**

उधर सीडीआर का विश्लेषण करने के साथ ही पुलिस उन नंबरों का भी ब्यौरा जुटा रही है जो घटना के समय कंपनी गार्डेन में सक्रिय थे। हालांकि इतने नंबरों में से संदिग्ध का नंबर निकालना बेहद कठिन काम है लेकिन कर्नलगंज पुलिस केस के खुलासे के लिए हर कोशिश कर रही है।

### दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एण्ड कालेज में दस दिवसीय समर कैम्प का शुभारंभ






**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के उरूवा ब्लाक में शनिवार को दुर्गावती इण्टरनेशनल स्कूल एण्ड कॉलेज गोसौरा कला मेजारोड में 10 दिवसीय समर कैम्प का शुभारम्भ फीता काटकर स्कूल की प्रबन्धक डा० स्वतन्त्र मिश्र एंव आदरणीय चेयरमैन श्री सुशील मिश्रा ने किया, तत्पश्चात्का कार्यक्रम की रुपरेखा के बारे में शिक्षक प्रशान्त श्रीवास्तव ने बताया। मुख्य अतिथि का स्वागत हुआ। गायत्री मंत्र तथा राष्ट्रगान से कार्यक्रम की शुरूआत किया। बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों के अन्दर छिपी हुई प्रतिभा का विकास होता है, बच्चे पढ़ाई के तनावों से मुक्त होते हैं। इन दसदिनों में बच्चों को योगा, कराटे, आर्ट, क्राफ्ट, गायन, नृत्य, इनडोर खेल तथा आउटडोर खेल, क्रिकेट टूनार्मेण्ट, कुकिंग विदआउट फायर, स्पोकेन लिंश, स्वीमिंग, ब्रेन डेवलपमेंट क्लासेज जिसके शिक्षक दिल्ली से बुलाए गए है। इस वर्ष समर कैंप में लगभग 200 बच्चों ने प्रतिभाग किया है। जिसमें विजेता क्रिकेट टीम को ट्रॉफी एवं सभी बच्चों को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं में मुख्य रुप से हिमांशु, ऋषि, सत्यम, सुधा इत्यादि के अतिरिक्त प्रयागराज के स्कूल से वहाँ की कोआर्डिनेटर रियंका शर्मा, प्रीति तथा, कोआर्डिनेटर सृजन, अंकुर व हॉस्टल इंचार्ज गौरव कुमार अनन्या मिश्रा इत्यादि उपस्थित रहे।

### मंत्री नन्दी और व अभिलाषा गुप्ता ने 16 महिलाओं को दी सिलाई मशीन



**नैनी।** जनसुनवाई के दौरान महिलाओं और बेटियों को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी नन्दी सेवा संस्थान द्वारा सिलाई मशीन व अन्य उपकरण वितरित करते रहते हैं। शनिवार को दांडी नैनी में आयोजित जनसुनवाई के दौरान भी मंत्री नन्दी ने नैनी क्षेत्र की 16 महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत व आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन वितरित किया। महिलाओं को स्वावलम्बी बनने के साथ ही अपने परिवार को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। वहीं उनके उज्जव भविष्य की कामना की मंत्री नन्दी के साथ ही निवर्तमान महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी भी इस दौरान मौजूद रहीं। उन्होंने भी महिलाओं को सशक्तिकरण के लिए प्रेरित करने के साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की। मंत्री नन्दी ने महिलाओं को सिलाई मशीन देने के साथ ही प्रत्येक ग्राहिता को मशीन के बारे में स्वयं प्रशिक्षण भी दिया। महिलाओं को बताया कि ऑटोमैटिक सिलाई मशीन को कैसे इस्तेमाल करना है और किस तरह से खुद को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है।

### नैनी में महापौर का व्यापारियों एवं पार्षद ने किया स्वागत



**नैनी।** महापौर गणेश केसरवानी का हुआ स्वागत जिला कार्य समिति भाजपा यमुनापार से लौटते वक्त चकरघुनाथ वार्ड 20 के भाजपा के पार्षद प्रत्याशी रहे मंगला प्रसाद केशरवानी ताऊ जी के नेतृत्व में अपने प्रतिष्ठान पर माल्यार्पण कर महापौर गणेश केशरवानी का स्वागत अभिनन्दन किया गया भाजपा के पार्षद मयंक यादव बबलू विधायक कमलेश केशरवानी, श्याम पाण्डेय, आयुष अग्रहरि,मनीष केशरवानी, बबलू मुंडेरा, सोनू केशरवानी विनोद केसरवानी सत्यम शुक्ला, सचिन केशरवानी,आदि व्यापारी गण रहे।

### श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रोता

**जंघई।** श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिवस नीबी, वारी गांव में मुख्य यजमान पंडित विद्याधर दुबे शिवकुमारी दुबे के निवास पर आयोजित कथा में कथा वाचक आचार्य रमेश चंद्र शुक्ल महाराज ने उद्धव चरित्र, महा रासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा भगवान ने रास आरंभ किया रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया।कथा के पश्चात आरती प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर आचार्य सूर्यकांत मुकेश तिवारी परिजनों में संगम लाल दुबे, हरिश्चंद्र दुबे, सतीश चंद्र दुबे, गार्गी पांडेय, शिवम त्रिपाठी, सत्यम त्रिपाठी, लवलेश त्रिपाठी, दीपक पांडेय, अजय दुबे, जयप्रकाश दुबे, राजीव दुबे मटरू प्रधान, विनोद मिश्रा, बब्बू शुक्ला, राजा शुक्ला, कमलेंद्र दुबे, निमित दुबे सहित तमाम भक्तगण लोग मौजूद रहे।

# बिजली की आँख मिचोली से लोग हो रहे परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** गर्मी बढ़ने के साथ साथ बिजली कटौती भी बढ़ गई है। जिसकी वजह से लोग परेशान है। इन दिनों झूंसी व हनुमानगंज क्षेत्र में लोकल फाल्ट के चलते अघोषित बिजली कटौती हो रही है। शुक्रवार की रात ट्रांसफार्मर की केबल जलने की वजह से आवास विकास कालोनी योजना 3 की बिजली गुल होने के साथ आवास विकास योजना 2 की भी विधुत आपूर्ति घंटो बाधित रही। आवास विकास कालोनी योजना 3 में लगे ट्रांसफार्मर की केबल शुक्रवार की रात 11 बजे के करीब जल गई। जिसकी वजह से हजारों की आबादी में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। घंटो इंतजार के बाद जब लोगो से गर्मी बरदाश्त नही हुई तो लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आये। रात में ही लाइनमैन केबल ठीक किया गया तब जाकर सुबह 5 बजे लाइट आई तो लोगो ने चैन की नींद ली। वही आवास विकास योजना 2 में भी लोकल फाल्ट के चलते रात में करीब घण्टे भर बिजली गुल रही। ऐसा ही हाल कुछ हनुमानगंज के कोटवा फीडर से जुड़े गांवो का रहा। प्रधान कोटवा जयराम सिंह ने बताया कि प्रति दिन रात में सोने के समय ही बिजली गुल हो जाती है। शनिवार को भी पूरे दिन बिजली की आँख मिचौली जारी रही।

**ग्रामीण इलाकों में रात में बिजली कटौती से लोग परेशान है तो झूंसी में लोकल फाल्ट बिजली कटौती का कारण बना है**

# चश्मदीदों के बयान दर्ज 9 मीडियाकर्मी,12 स्वास्थ्य कर्मियों से पूछताछ कर लौटी न्यायिक आयोग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद और अशरफ की पुलिस कस्टडी में हुई हत्या के मामले की जांच कर रही न्यायिक आयोग की टीम शुक्रवार को वापस लौट गई। टीम ने दो दिन में 9 मीडियाकर्मियों और 12 स्वास्थ्यकर्मी और 5 पुलिसकर्मी के बयान दर्ज किए अब दूसरे चरण में अतीक-अशरफ की सुरक्षा में तैनात 17 पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज होंगे। माफिया की सुरक्षा में कुल 22 पुलिसकर्मी तैनात थे पुलिसकर्मियों के बयान बाद में होंगे दर्ज न्यायिक जांच आयोग की टीम मंगलवार 16 मई को प्रयागराज पहुंची थी। इस टीम की अध्यक्षता पूर्व जस्टिस डीरबी भोषले कर रहे हैं। टीम ने शुक्रवार को 3 मीडियाकर्मियों के बयान दर्ज किए थे। इससे पहले 18 मई को दो चिकित्सकों और 6 मीडियाकर्मियों के बयान दर्ज किए थे 17 मई को 7 चिकित्सकों के बयान दर्ज किए गए थे मंगलवार को पहले दिन टीम ने चश्मदीदों द्वारा दिए गए शपथ पत्रों की गहनता से पड़ताल की थी इसके बाद बारी- बारी पूछताछ के लिए चश्मदीदों को सर्किट हाउस में पूछताछ और बयान के लिए बुलाया गया अब तक 26 लोगों से आयोग पूछताछ कर उनके बयान दर्ज कर चुका है। अब अतीक की सुरक्षा में तैनात रहे सुरक्षाकर्मियों के बयान दर्ज होने हैं। इनमें से कुछ के बयान दर्ज हो चुके हैं अतीक और अशरफ की 15 अप्रैल को पुलिस अभिरक्षा में हत्या कर दी गई थी। आयोग ने आम जन से भी साक्ष्य देने को कहा जांच आयोग के सदस्यों ने काल्विन अस्पताल के आसपास से मिले सीसीटीवी फूटेज के अलावा मीडियाकर्मियों के कैमरों में वीडियो फुटेज भी देखा इसकी गहनता से पड़ताल भी की गई है अब आयोग ने इस घटना से संबंधित किसी भी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज देने के लिए जनता से भी अपील की है। उसकी गोपनीयता बरकरार रखी जाएगी। अतीक और अशरफ हत्याकांड से जुड़ा कोई भी साक्ष्य हो तो उसे 27 मई तक देने को कहा है।

**न्यायिक आयोग 26 चश्मदीदों के बयान दर्ज कर लौटी: 9 मीडियाकर्मी, 12 स्वास्थ्यकर्मियों से पूछताछ, अतीक-अशरफ की सुरक्षा में तैनात 17 पुलिसकर्मियों के बयान बाकी**



# बहुगुणा के करीबी रहे लोगों के परिजनों को किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** आजादी के पहले से लेकर लगातार लगभग पांच दशक तक राजनैतिक और सामाजिक रूप से सक्रिय रहे, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा को शंकरगढ़ में पूरी शिद्दत के साथ याद किया गया। हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति की ब्लाक इकाई शंकरगढ़ के बैनर तले आयोजित एक कार्यक्रम में असल रूप में उन लोगों से मिलना-जुलना हुआ, जिनका जुड़ाव अंत समय तक हेमवती नंदन बहुगुणा से बना रहा। हेमवती नंदन बहुगुणा की कर्मभूमि से ऐसे 40 लोगों को सम्मानित किया गया, जिनके परिजन सीधे तौर पर सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा से ताल्लुक रखते थे। प्रयागराज की सांसद रीता बहुगुणा जोशी के आग्रह पर आजादी के अमृत महोत्सव काल में आयोजित इस समारोह में समिति के ब्लाक अध्यक्ष रामखेलावन गुप्ता ने हेमवतीनंदन बहुगुणा का एक चित्र, संगठन का पटका और जीवनी भेंटकर लोगों को सम्मानित किया। अपने पुराने दिनों को याद करते हुए रामखेलावन गुप्ता ने कहा कि हेमवती नंदन बहुगुणा का पूरा जीवन आम लोगों के लिए समर्पित रहा। उनके जीवन में कई बार ऐसा भी समय आया, जब उन्हे लगा कि वह राजनीतिक के काबिल नहीं हैं, बावजूद इसके उन्होंने अंतरात्मा की आवाज सुनी और आमजन के हक के लिए खड़े रहे। रामखेलावन गुप्ता ने कहा कि वह भले ही दिल्ली और लखनऊ की राजनीति करते रहे हों, पर उनका दिल प्रयागराज के लिए ही धड़कता था। हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति की तरफ से सम्मान प्रदान करना मेरे लिए गर्व की बात है। नगर के पुरानी बाजार आर्य राम वाटिका गेस्ट हाउस में नगर व क्षेत्र के करीब तीन दर्जन परिवारों के सदस्यों को सम्मानित किया गया। क्षेत्र के समाजसेवी सूर्यनिधान पांडेय, पंडित त्रियुगीकांत मिश्र, चतुर्भुज दास गुप्ता, छविलाल सिंह, शरदचंद्र मिश्र,मूलचंद्र गुप्ता, अनूप केसरवानी, जय प्रकाश कुशवाहा, सनद मिश्र ने हेमवती नंदन बहुगुणा के यादों को साझा करते हुए विचार रखे। अध्यक्षता समाजसेवी चतुर्भुज दास गुप्ता ने की। इस मौके पर ब्रह्मनारायन गुप्ता, हरवंश लाल केसरवानी, रतन केसरवानी, रोहित केसरवानी, रामानुज गुप्ता, कुशल जैन, लाल जी गुप्ता, दिनेश तिवारी, सुजीत केसरवानी, राजेश कुमार, विनोद कुमार, शिव कुमार सोनी के साथ दर्जनों लोग मौजूद रहे। सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से लेकर यूपी के सीएम तक का सफर तय करने वाले हेमवती नंदन बहुगुणा न सिर्फ उनके पिता थे, बल्कि वह एक अच्छे समाजसेवी थे। वर्ष 2019-20 उनका शताब्दी वर्ष था। उस दौरान कोरोना महामारी के कारण प्रयागराज में कोई बड़ा आयोजन नहीं हो पाया था। इस वजह से हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति के द्वारा उन सभी परिवारों से संबंध बनाए रखने की कोशिश की गई। उन्होंने प्रयागराज, विशेषकर शंकरगढ़ क्षेत्र की जनता को अपार स्नेह बनाए रखने के लिए बधाई दी है।

**पांच दशक की राजनीति में हमेशा आमजन से जुड़े रहे हेमवतीनंदन बहुगुणा : रामखेलावन गुप्ता**

**हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति की ब्लाक इकाई शंकरगढ़ ने स्मृति चिन्ह भेंटकर बढ़ाया मान**





## पत्रकार को पुत्र शोक, दी गई श्रद्धांजलि

**झूंसी।** हिंदी दैनिक समाचार के झूंसी संवादाता आरपी शर्मा के बेटे सुमित शर्मा 32 का शुक्रवार रात एसआरएन अस्पताल में निधन हो गया। जिससे पत्रकारों में शोक है। सुमित काफी समय से बीमार चल रहा था। जिसका एसआरएन में इलाज चल रहा था। शुक्रवार की रात उसका निधन हो गया। शनिवार को छतनाग घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल, ब्लॉक प्रमुख बहादुरपुर अरुणेद्र यादव उर्फ डब्बू, इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह, चौकी इंचार्ज छतनाग नवीन सिंह, अशोक यादव, पार्षद शिवनारायण यादव, महमूद आलम, कुलकर्णी, शास्वत, राजेन्द्र सिंह, मोहित निषाद, अवधेश यादव, आनन्द सिंह, चंद्रशेखर, अजय मौर्य सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने रानीगंज सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी शिकायतें

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में तहसील रानीगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

### आठ मामलों का मौके पर किया निस्तारण

किया गया। रानीगंज तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 112 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 08 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 112 शिकायतों में से 32 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 57, विकास विभाग से 11 एवं 12 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई।



समाधान दिवस पर शिकायतें सुनते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करते हुये शिकायतकर्ता को पूर्णरूप से संतुष्ट किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर अथवा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा ससमय संज्ञान न लेने को गम्भीरता से लेते हुये जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि कार्यो में ढिलाई कदापि न बरती जाये, कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद/अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों की संयुक्त टीम मौके पर जाकर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुये निष्पक्ष ढंग से निस्तारण करायें। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सुनी गयी। उन्होने पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, उपजिलाधिकारी रानीगंज सौम्य मिश्र, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एलआईसी कुंडा में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक एस एन द्विवेदी ने कार्यभार संभाला

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कुंडा में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक पद को सुशोभित करते हुए पूर्णेन्दु मरांडी का आज स्थानांतरण उनके इच्छित स्थान शाखा चुनार वाराणसी मंडल में हुआ मरांडी

### बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं द्विवेदी

के स्थान एस एन द्विवेदी वरिष्ठ शाखा प्रबंधक के रूप में कार्यभार संभाला है।

बता दें पूर्णेन्दु मरांडी 9 जुलाई 2020 को शाखा प्रबंधक पद से प्रोन्नत होकर वरिष्ठ शाखा प्रबंधक के रूप में शाखा कुंडा में कार्यभार ग्रहण किया था। पूर्णेन्दु मरांडी एक जुझारू, कर्तव्य परायण, मृदुभाषी लगन शील, मिलनसार एवं ईमानदार छवि वाले बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति हैं। आपका 3 वर्षों का कार्यकाल कुंडा शाखा में अत्यंत सराहनीय एवं गौरवशाली रहा है। मरांडी ने निगम के इतिहास में कुंडा शाखा को एक महत्वपूर्ण ऊंचाइयों पर ले जाने का अथक एवं सार्थक प्रयास किया है, इसके लिए कुंडा की जनता, समस्त कर्मचारी अधिकारी एवं अभिकर्ता गण आपका हार्दिक अभिनंदन एवं आभार व्यक्त करती है। साथ ही साथ मरांडी अपने 3 वर्ष के स्वर्णिम काल को कुंडा शाखा में पूर्ण करते हुए इच्छित स्थान चुनार शाखा चुनार मंडल वाराणसी में 22 मई 2023 को वरिष्ठ शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यभार ग्रहण करेंगे। इसी शाखा में कार्यरत एस एन द्विवेदी शाखा प्रबंधक जो प्रोन्नत होकर वरिष्ठ शाखा प्रबंधक के पद पर कुंडा शाखा में ही पदस्थापित किए गए हैं।



कार्यभार ग्रहण करते वरिष्ठ शाखा प्रबंधक एसएन द्विवेदी।

# विपक्षियों के बहकावे में न आएं कार्यकर्ता

### जिला कार्यसमिति एवं महासंपर्क अभियान की हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति एवं महासंपर्क अभियान की बैठक जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। इसका संचालन पवन गौतम एवं अध्यक्षता हरिओम मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में अवधेश गुप्ता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी क्षेत्र रहे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेश सिंह, सदर विधायक राजेंद्र मौर्य पूर्व विधायक पूर्व विधायक धीरज ओझा, राम शिरोमणि शुक्ला प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, सिंधुजा मिश्रा, विनोद पांडे प्रतिनिधि मोती सिंह, सतीश चैरसिया, अशोक मिश्र, रामजी मिश्र, रामाश्रय पाल, नितिन केसरवानी, अनुराग मिश्रा, विद्यासागर शुक्ला, राघवेंद्र शुक्ला, देवेश त्रिपाठी, पंकज सिंह आदि ने कहा कि महासंपर्क अभियान को अधिक से अधिक सफल बनाने में कार्यकर्ता जुटें और इसे एक जनआंदोलन रुप भी दें। कार्य समिति ने एक स्वर से प्रदेष सरकार और देष के मोदी सरकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को भी जनता के बीच में ले जाने का निर्णय लिया। इसके अलावा कार्यकर्ता यह भी जनता को सचेत करें कि विपक्षी नेताओं के बहकावे में वह कत्तई न आएं।



चित्र पर माल्यार्पण करते जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र।

# राज्य स्तरीय आईसीटी अवार्ड से सम्मानित हुए शिक्षक फरहीम

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय आई सी टी अर्थात सूचना और संचार प्रौद्योगिकी आधारित कक्षा शिक्षण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु मोहम्मद फहीम (राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक) उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह मान्धाता को अशोक कुमार सिंह, उप शिक्षा निदेशक डायट के द्वारा प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।

इस प्रतियोगिता में माध्यमिक एवं परिषदीय शिक्षकों ने प्रतिभाग किया था। उप शिक्षा निदेशक ने

### बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प



शिक्षक फहीम को सम्मानित करते अधिकारी।

कहा कि कटरा गुलाब सिंह के बच्चे निपुण भारत की संकल्पना साकार कर रहे हैं। वहां के बच्चे पूरे प्रदेश में नाम रोशन कर रहे हैं। मैं सभी बच्चों एवं शिक्षकों को सम्मानित करूंगा और वह दिन दूर नहीं जब जनपद प्रतापगढ़ निपुण भारत का लक्ष्य प्राप्त करेगा। यह बात उन्होंने मासिक समीक्षा बैठक डायट में कही। भूपेंद्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने फरहीम को बधाई दी। इस मौके पर शिव बहादुर मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी मान्धाता, संतोष बी ई ओ सदर, संजय सिंह बी ई ओ, बिहार, बी ई ओ शालिनी श्रीवास्तव, डायट प्रवक्ता जितेंद्र कुमार, अमरेंद्र मिश्र, डॉ कमल किशोर, डॉ दुर्गेश, फिरोज खान, एसआरजी श्वेता सिंह, चंद्रजीत, आशुतोष, जनपद के सभी ए आर पी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्वेता सिंह ने किया।

# जीजीआईसी में सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरुक



सुरक्षा सुरक्षा सम्बन्धी बैठक में मौजूद छात्राएं।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सड़क सुरक्षा का करो सम्मान, ना होगी दुर्घटना, ना होंगे आप परेशान, कुछ इसी जोश और जज्बे के साथ आज 20 मई 2023 को डॉक्टर ओपी राय जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देश के क्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य गरिमा श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में एवं गीता उप प्रधानाचार्य के संयोजन में एवं नोडल अधिकारी डॉ मोहम्मद अनीस द्वारा सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा विषय पर छात्राओं को विस्तार पूर्वक बताएं गया और उन्हें सड़क सुरक्षा के विशेष टिप्स भी प्रदान किए गए। छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होने के लिए सड़क सुरक्षा के प्रति एक शपथ भी दिलाई गई। इसके साथ निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया इसी के साथ ही साथ विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की एक आवश्यक बैठक प्रधानाचार्य के नेतृत्व में समस्त स्टाफ के मध्य संपन्न की गई। इस अवसर पर सिद्धार्थ कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# सड़क सुरक्षा नियमों का सभी से करायें कड़ाई से अनुपालनः डीएम

### डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित एवं कम करने के लिये सड़क सुरक्षा नियमों का सभी से कड़ाई से अनुपालन करायें।

उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अच्छे से प्रचार प्रसार करें तथा टैफिक नियमों की जानकारी जनसामान्य को उपलब्ध करायें। बैठक में जिलाधिकारी ने ई-रिक्शा पर निर्धारित मानक से ज्यादा सवांरियॉ बैठाये जाने पर हो रही दुर्घटनाओं के सम्बन्ध में एआरटीओ को निर्देशित किया कि ई-रिक्शा यूनियन संघ के साथ बैठक कर उन्हें ई-रिक्शा पर मानक से ज्यादा सवांरियॉ न बैठाने हेतु निर्देशित करें यदि वे इसके बावजूद भी नही मानते है तो ई-रिक्शा चालकों पर कार्रवाई की जाये। उन्होने परिवहन एवं पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिया कि शराब पीकर वाहन चलाने व तेज रफ्तार तथा बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट व ओवर लोडिंग के वाहन चलाने वालों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका को शहरों में किये गये अतिक्रमण के सम्बन्ध में निर्देशित किया कि शहरों में किये गये अतिक्रमण को हटवाने हेतु पहले तीन दिन अतिक्रमण हटवाने हेतु एनाउन्समेन्ट करवायें यदि नही मानते है तो चैथे दिन चालान की कार्रवाई की जाये और उसके बाद भी सुधार नही आता है तो अतिक्रमण करने वालों के सामानों को जब्त कर लिया जाये।

शहर में सड़क के किनारे बालू डम्पिंग के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया कि बालू डम्पिंग करने दुकानदारों पर चालान की कार्रवाई करें। अवैध बस अड्डों से शहर में लग रहे जाम के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने ए0आर0टी0ओ0 एवं टीआई को निर्देशित किया कि अवैध बस अड्डों पर आवश्यक कार्रवाई कर जाम की समस्या से निजात दिलाये।

ब्लैक स्पाट के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने एनएच, एनएचआई एवं पीडब्लूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट को जल्द से जल्द से ठीक करायें। हाईवे एवं सड़कों पर अवैध कट के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि हाईवे एवं सड़कों पर अवैध कट को बन्द करें एवं सड़कों के किनारे अवैध अतिक्रमण को रोड साइट कन्ट्रोल एक्ट के अन्तर्गत नियमानुसार हटाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। नेशनल हाईवे के रोडों पर जो लिंक रोड जुड़े हुये है उन पर हो रही दुर्घटनाओं के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि लिंक रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाया जाये जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके। जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि विन्ध्यांचल सिंह को निर्देशित किया गया कि जिला विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति एवं विद्यालय परिवहन की बैठकें करायी जाये, लापरवाही कदापि न बरती जाये।

इसी प्रकार जिलाधिकारी ने गुड्स सेमेरिटन (नेक आदमी) को चिन्हित कर सम्मानित किये जाने सम्बान्धी व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किये जाने, हिट एण्ड रन दुघर्टना के मामलों, यात्री वाहनों के दुर्घटना के मामलों में परिवहन विभाग द्वारा कराधान/अधिनियम/नियमावली के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता से सम्बन्धित जनपद में लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता एन0के0 यादव, प्रान्तीय खण्ड के अधिशाषी अभियन्ता ओ0पी0 चैरसिया, एआरटीओ दिलीप गुप्ता सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मारपीट व आगजनी के आरोपी का शांति भंग में चालान, पीड़ित थाने के लॉकप में

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र की चैकी कटरा गुलाब सिंह के अंतर्गत बाबा भयहरणनाथ धाम परिसर में बच्चों का झूला लगा कर मऊआइमा का श्यामलाल पटेल अपने परिवार का भरण पोषण करता था। 18 मई की रात पड़ोसी गांव थमहन का पुरवा के तीन नामजद व दो अज्ञात युवक आकर पत्नी से छेड़छाड़ करने लगे, विरोध करने पर आरोपियों ने दोनों को मारापीटा और झूले में आग लगाकर खाक कर दिया। गुहार मचाने पर आरोपी पत्नी के गले की चेन छीन कर धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर जेठवारा पुलिस ने नामजद आरोपी को पकड़ तो लिया लेकिन दरोगा ने पीड़ित परिवार को भी गालियों से नवाजते हुए थाने के लॉकप में बंद कर दिया। पुलिस ने लूट, मारपीट छेड़छाड़ व आगजनी जैसी गम्भीर घटना को अंजाम देने वालों को सिर्फ शांति भंग की धारा में चालान करके मामले को रफादफा कर दिया। बता दें कि पिछले हफ्ते मोबाइल चोरी की शिकायत करने वाले थाना क्षेत्र के नगरिया गांव के निवासी शिक्षक को भी थाने के लॉकप में बंद कर जाति सूचक गालियां देते हुए सुलह करने का जबरन दबाव बनाया था, जिसकी शिकायत शिक्षक ने पुलिस अधीक्षक से किया है। गरीब पीड़ित परिवार के ऊपर पुलिस की इस ज्यादती की शिकायत जरिए दूरभाष एसपी से किया गया तो उन्होंने न्याय संगत कार्रवाई का भरोसा दिया है।

## वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के महेशगंज उ0नि0 दीपक कुमार यादव अपने हमराही के साथ देखभाल क्षेत्र भ्रमण के दौरान वांछित, वारण्टी अभियुक्त मु0अ0स0- 55/07 धारा 4/5ई एक्स पी, एसीटी से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त लाल साहब सिंह पुत्र इन्द्रजीत सिंह निवासी हीरागंज थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार कर थाने ले गई जिसकी लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेज दिया।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना दिलीपपुर के उ0नि0 दुर्गेश कुमार मय हमराह देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित,वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 89/2023 धारा 379 भादवि से संबंधित दो वांछित अभियुक्त अवधेश कुमार गौतम पुत्र सीताराम नि0 ग्राम आमापुर बेर्रा थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़, किशन कुमार हरिजन पुत्र भुल्लर नि0 चालाकपुर कुर्मियान थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के वशीरपुर मोड़ के पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर धारा 411 भादवि की बढोत्तरी की गई।

## अघोषित विद्युत कटौती और गर्मी से लोगों का जीना हुआ मुहाल

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अघोषित विद्युत कटौती से लोग परेशान हो चुके हैं। जहां गर्मी बढ़ने के साथ लगातार टेंपरेचर बढ़ता जा रहा है वही बिजली की जरूरत पड़ने पर लगातार कटौती की जा रही है, जिससे लोग परेशान हो रहे हैं। इस समय प्रतापगढ़ में तापमान 40 सेंटीग्रेड के ऊपर चल रहा है। जहां चिलचिलाती धूप से गर्मी बढ़ चुकी है वहीं रात के समय लोग बिना बिजली के आराम से सो नहीं पाते हैं वही पट्टी नगर के विद्युत कटौती के कारण लोग परेशान हैं। सराय महेश, जैतापुर, मरियमपुर, सोनबरसा, छतेड़ी, सिरनाथपुर अर्जुनपुर आदि गांव में शाम के समय कब बिजली कट जाए कुछ पता नहीं होता है। विद्युत विभाग की आंख मिचैली के कारण लोगों की आंखों की नींद हराम हो चुकी है। बिजली कब आती है और कब चली जाती है इसका कोई भी समय निर्धारित नहीं किया गया है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा हो रहा है फेल

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर सहित आसपास के गांव में बिजली ना होने से लोग परेशान होते हैं वही सरकार का दावा है कि ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे बिजली प्रदान की जा रही है।

# पर्यावरण की सुरक्षा के लिये अधिक से अधिक पौधरोपित किये जाएंः डीएम

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने वषार्काल 2023 में जनपद में कराये जाने वाले वृक्षारोपण, मा0 एन0जी0टी0 के आदेशों के अनुपालन, गंगा आरती, गंगा घाटों पर चैपाल, मिशन लाईफ कार्यक्रम तथा गंगा घाटों पर स्वच्छता आदि पर चर्चा की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त कार्यदायी विभागों को शासन द्वारा पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौध रोपण के तहत जनपद को आवंटित 4592771 पौध रोपण लक्ष्य को पूर्ण कराने एवं वृक्षारोपण हेतु मुख्यतः बड़े-बड़े स्थलों, गौशालाओं एवं तालाबों के बन्धों पर सघन वृक्षारोपण कराने के लिय निर्देशित किया। उन्होने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि समस्त गौशालाओं में वृहद वृक्षारोपण कराया जाये। उन्होने अधिकारियों से कहा कि जिन स्थलों पर वृक्षारोपण होना है उनका चयन समय रहते कर रहें। बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों के बाउण्ड्री वाल के किनारे-किनारे वृक्षारोपण करायें। उन्होने कहा कि धार्मिक मन्दिरों पर वृक्षारोपण हेतु स्थल का चयन कर लिया जाये। उन्होने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिये अधिक से अधिक पौधरोपित किये जाये। गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी जे0पी0 श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्याय पाने के लिए दर दर भटक रही दलित विधवा

अखंड भारत संदेश

### नवाबगंज पुलिस को 3 मई को तहरीर देने पर नही पहुँची पुलिस

**परियावां, प्रतापगढ़।** पति की मौत के बाद ससुराल वालो ने एक बेटी व उसकी मां को घर से बाहर कर दिया जो अपनी एक बेटी के साथ गांव मे छप्पर डालकर गुजर बसर कर रही है। घर से बेघर हुई विधवा ने जिलाधिकारी व एसडीएम कुंडा के साथ नवाबगंज पुलिस को शिकायत पत्र दिया लेकिन 17 दिन बीत जाने के बाद विवाहिता को शासन प्रशासन से कोई पूछताछ् करने नही पहुँचा अपनी एक अकेली बेटी के साथ गांव मे छर्प्प डालकर किसी तरह गुजर बसर कर रही है। मामला नवाबगंज थाना क्षेत्र के जनवामऊ मजरे पासिन का पुरवा का है। विवाहिता पूनम पत्नी स्व0 रामलखन सरोज अपने पति के साथ ससुराल मे रहती थी जिसके एक बेटी निशा आरोप है कि पति रामलखन की मौत हो जाने के बाद पूनम के ससुराल वाले पूनम को पक्का मकान से बाहर निकाल दिया और उस पर कब्जा कर लिया और विवाहिता को ससुराल मे एक चैथाई हिस्सा भी नही दे रहे है। विवाहिता न्याय पाने के लिए दर दर की ठोकर खा रही है लेकिन अधिकारियों पर विवाहिता और उसकी मासूम बेटी पर तरस नही आ रहा है जब कि प्रदेश की योगी सरकार महिलाओ पर हो रहे जुल्म व अत्याचार के खिलाफ उनके साथ खड़ी है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अपनी आंखे बन्द कर अंजान बने हुए है। अब देखना है कि कुंडा तहसील शासन प्रशासन विधवा व उसकी मासूम बेटी पर तरस आता है या मामले को ठंडे बस्ते मे डालकर इतिश्री करते हैं। विवाहिता व उसकी बेटी को न्याय न मिलने पर शनिवार को विधवा पूनम ने 1076 मुख्यमंत्री पर अब तक की अपनी कारवाई की शिकायत दर्ज कराई है।

## खबर संक्षेप

### तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा दो वांछित अभियुक्तों शुभम केसरवानी पुत्र अरुण कुमार केसरवानी पारस गुलाटी पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासीगण मेहता रोड भरवारी थाना कोखराज को पॉलीटेक्निक कॉलेज टेवा के आगे से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त सुभाष पुत्र कल्लू निवासी गौरा डेरा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

**वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार : कौशाम्बी** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त शनि उर्फ विमलेश पाण्डेय पुत्र लालमणि निवासी नागचौरी का पूरा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

**निरोधात्मक कार्यवाही में 11 अभियुक्त गिरफ्तार : कौशाम्बी** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना सरायअकिल से दो थाना सैनी से दो थाना कड़ाधाम से चार थाना पिपरी से तीन कुल 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील चायल में सुनी जनशिकायतें

## तहसील दिवस एवं आईजीआरएस के शिकायतों के निस्तारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील चायल में आमजन की शिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं आई0जी0आर0एस0 के तहत प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आई0जी0आर0एस0 के तहत शिकायत प्राप्त होते ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाय, कोई शिकायत डिफाल्टर न होने पाये, शिकायत के डिफाल्टर होने पर सम्बन्धित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेंगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 46 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता राम लौटन निवासी-नईम मिया का पूरा, चायल द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि नगर पंचायत द्वारा बनायी गयी नाली को उनके सगे भाई ने सीमेन्ट व बालू से बन्द कर दिया है, जिससे नाली जाम हो गयी है, जिस पर जिलाधिकारी ने ई0ओ0 चायल को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता कमाल अहमद, निवासी ग्राम-यूसुफपुर के द्वारा प्रधानमंत्री आवास की मांग पर जिलाधिकारी ने प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी को प्रकरण की जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही कराने के निर्देश दियें। शिकायतकर्ता अवधेश कुमार निवासी ग्राम-बरौलहा ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि गांव के कुछ लोगों द्वारा गोबर की खाद व ईंट रखकर रास्ते को अवरूद्ध कर दिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चायल को प्रकरण की जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही कराने के निर्देश दियें। तहसील सिराथू में कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील मंझनपुर में कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया इस अवसर पर प्रभारी सीडीओ/जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार एवं उप जिलाधिकारी राहुल देव भट्ट सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



तहसील समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम एसपी

## न्यूज झरोखा

### गैंगस्टर एक्ट के आरोपियों की 37 लाख 12 हजार की जमीन,कार व बाइक कुर्क

**बैंक मैनेजर पर तेजाब फेंक कर आरोपियों ने किया था हमला**




**कौशाम्बी।** जिले के चायल तहसील क्षेत्र में बैंक मैनेजर विध्या सोनकर पर तेजाब फेंकने वाले हमलावरों की तहसील प्रशासन और पुलिस ने संपत्ति कुर्की की है हमलावरों के पास से 37 लाख 12 हजार रुपए की संपत्ति बरामद हुई है शासन के निर्देश एवम डीएम सुजीत कुमार एवम एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के आदेश पर चरवा थाना क्षेत्र के सैय्यद सरावा गांव में कुख्यात अपराधी एवम गैंगस्टर एक्ट के आरोपी मोहम्मद आजम पुत्र मोहम्मद आबाद,मोहम्मद औसाफ पुत्र मोहमद आबाद की 37 लाख 12 हजार रुपए की संपत्ति प्रशासन ने कुर्क की है। प्रशासन ने गांव में मुनादी कराकर मोहम्मद आजम की 29,57000 की जमीन,एक ब्रेजा कार 7 लाख 15 हजार और मोहम्मद औसाफ की एक बाइक को कुर्क किया है।आरोपियों की कुर्की किया जाने के बाद से अन्य आरोपियों के घरों पर हड़कंप का माहौल है।

### केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए चिन्हित भूमि का निरीक्षण कर अधिकारियों को डीएम ने दिए निर्देश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने जनपद में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए नगर पालिका परिषद मंझनपुर के पाता में चिन्हित की गई भूमि का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर लिया जाय।जिलाधिकारी ने तहसीलदार मंझनपुर भूपाल सिंह को नजरी नक्शा बनाने तथा फैन्सिंग कराने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण को भी हटवाने के निर्देश दिये।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मिठाई की दुकानों पर मारा छापा



**कौशाम्बी।** मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरद पाण्डेय के नेतृत्व में शनिवार को कड़ाधाम मंदिर क्षेत्र में मिठाई और प्रसाद बिक्रय करने वाली दुकानों पर छापामार कार्यवाही की गई कड़ा धाम के हनुमान मंदिर के पास लाल जी हलवाई दुकान से रसगुल्ला और खोवा मिठाई का नमूना लिया गया तथा कारोबारियों को साफ सफाई रखने और खाद्य लाइसेंस पंजीकरण को दुकान पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए.खाद्य सुरक्षा अधिकारी के कार्यवाही के दौरान कई कारोबारी अपने प्रतिष्ठान बंद कर इधर उधर हो गए. इन कारोबारियो को खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा चिन्हित कर लिया गया है खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जांच में सहयोग करने की बजय जांच के दौरान इधर उधर चले जाने वाले व्यापारियों पर भी शीघ्र कारवाही की जाएगी उन्होंने बताया कि संग्रह किये गए नमूने जांच हेतु प्रयोशाला भेजा जा रहा है। छापामार दल ने बताया कि मंदिर क्षेत्र में आषाढ़ मेला तक लगातार अभियान जारी रहेगा उन्होंने श्रद्धांलुओं से अपील की है कि प्रसाद तथा अन्य खाद्य सामग्री उन्ही दुकानों से खरीदे जिनके पास एफएसएसएआई लाइसेंस अथवा पंजीकरण हो खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरद पांडेय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी भरत मिश्रा और शहाब उद्दीन सिद्दीकी, नितिन कुमार एवम खाद्य सहायक अनिल तथा विजय मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### डिवाइडर में चढ़ी अनियंत्रित ट्रक बड़ा हादसा होने से बचा



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** राष्ट्रीय राजमार्ग के सांदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज बाजार के पास डिवाइडर में अनियंत्रित ट्रक चढ़ गयी है घटना शनिवार की सुबह लगभग 7:00 बजे की बताई जाती है बताया जाता है कि प्रयागराज शहर की ओर से कानपुर की तरफ जा रहा ट्रक चालक नशे में था जिससे उसे सड़क के बीच का डिवाइडर नहीं दिखाई पड़ा और तेज गति से जा रहा ट्रक चालक अनियंत्रित होकर बीच सड़क के डिवाइडर में चढ़ गया हालांकि सहयोग अच्छा था कि डिवाइडर में चढ़ने के बाद ट्रक पलटी नहीं है वरना बड़ा हादसा हो जाता।

### नाबालिग दलित बालिका को भगाकर ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**25 दिन बीत जाने के बाद दूसरे आरोपी को नहीं गिरफ्तार कर सकी पुलिस**



**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के एक गांव से दलित नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर 25 अप्रैल को दो युवक भगा ले गए थे मामले में दलित बालिका की मां की तहरीर पर करारी पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया घटना को 25 दिन बीत चुके हैं एक आरोपी को करारी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरा आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस बल द्वारा दलित नाबालिग बालिका को भगाने के आरोपी पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त शिवकुमार पुत्र इन्द्रराज निवासी छोटा पचम्भा थाना करारी को तुतीर्पुर तिराहा से करारी पुलिस ने गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है वही इस मुकदमे में वांछित दूसरे आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

### दलित के साथ ठगी करने वाले जमींदार के पोते सहित दो लोगों के नाम मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर में दलित अजय कुमार पुत्र हरिलाल निवासी मंझनपुर ने जमींदार चौधरी एहसान रिजवी के पोते महबूब हैदर रिजवी पुत्र सुल्तान हैदर रिजवी से शिया मस्जिद के पास 5 लाख 20 हजार रुपए में एक प्लाट जमीन खरीदी थी प्लाट खरीदने के वक्त महबूब हैदर रिजवी के साथ विनय सिंह ने भी मध्यस्थता की थी शर्त यह तय हुई कि जमीन में वह निर्माण शुरू करा दें तब शेष बकाया रकम देकर बैनामा कराएंगे विश्वास करके अजय कुमार ने जमीन खरीदने के वक्त बतौर बयाना 1 लाख 90 हजार रुपए महबूब हैदर रिजवी को दे दिया और जमीन पर ईटा बालू एकत्रित कर निर्माण शुरू कराने लगे जिस पर महबूब हैदर रिजवी के चचेरे भाइयों ने विरोध किया और अजय कुमार को जमीन निर्माण करने से रोक दिया जमीन पर निर्माण के वक्त जमींदार परिवार के महबूब हैदर रिजवी के चचेरे भाइयों द्वारा रोक दिए जाने के बाद अजय कुमार को एहसास हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी ठगी हुई है उन्होंने इस बात को लेकर जब महबूब हैदर रिजवी से अपनी रकम मांगी तो उन्हें जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी मामले को लेकर अजय कुमार ने पुलिस से शिकायत की पुलिस ने अजय कुमार के साथ ठगी करने वाले महबूब हैदर रिजवी और उसके साथी विनय सिंह के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है ठगी करने वाले जमींदार के पोते और उसके साथी विनय सिंह की तलाश पुलिस कर रही है।

## जब स्कूल में चचेरे भाई ने छात्रा की मांग में भर दिया सिंदूर जमकर हुआ हंगामा



प्रतीकात्मक फोटो

**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में मनचले युवक ने 10 वीं की छात्रा को प्रपोज किया और सिंदूर से उसकी मांग भर दी,छात्रा की सहेलिए ने युवक की इस हरकत को देखा तो शोर मचाना शुरू कर दिया,शोर सुनकर और छात्रा के साथ हुई इस हरकत से कालेज प्रशासन के होश उड़ गए। कालेज के अध्यापकों ने आनन-फानन में आरोपी युवक को पकड़ लिया। वहीं मामले की जानकारी मिलते ही छात्रा के परिजन कालेज पहुंच गए और हंगामा करने लगे वह युवक को मारने पीटने के लिए उतारू हो गए,अध्यापकों ने बड़ी मुश्किल से आरोपी युवक को क्लास रूम मे बंद कर उसकी जान बचाई और पुलिस को सूचना दी,पुलिस ने आरोपित युवक को पकड़कर उससे पूछताछ की। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक इंटर कालेज की एक किशोरी कक्षा 10 की छात्रा है, उसके गांव का एक युवक छात्रा का चचेरा भाई लगता है, शुक्रवार को छात्र से मिलने के लिए वह दोपहर में कॉलेज पहुंचा, उसके इशारे पर छात्रा कॉलेज के पीछे आ गई,युवक ने छात्रा की मांग में सिंदूर भर दिया, छात्रा की कुछ सहेलियों ने देखा तो उनके होश उड़ गए, फौरन भागकर छात्राएं प्रिंसिपल के पास पहुंचीं और जानकारी दी। शिक्षकों ने युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया और उसे एक कमरे में बैठा लिया। छात्रा के परिजनो को मामले की जानकारी हुई तो वह कालेज पहुंच गए और कालेज मे हंगामा शुरू हो गया। किशोरी के परिजन युवक को पकड़ कर उसकी पिटाई करने पर आमादा हो गए। बड़ी मुस्किल से टीचरो ने आरोपी युवक को क्लास रूम मे बंद कर उसकी जान बचाई। सूचना पर कुछ देर में थाना प्रभारी भी हमराहियों के साथ पहुंचे। उन्होंने परिवार वालों को समझाकर मामले को शांत कराया। पुलिस युवक को पकड़कर कोतवाली ले आई। इंस्पेक्टर मंझनपुर संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि छात्रा के परिवार वाले युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई चाहते हैं। उनकी तहरीर मिलते ही आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा।

## अवैध कार्य का कवरेज करने गए पत्रकार पर हमला

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत जीटी रोड किनारे स्थित किंग ढाबा पर अवैध सरिया की खेप उतारी जा रही थी इस अवैध कार्य को देख कर भ्रष्टाचार न्यूज लाइव के पत्रकार अमित कुमार साहू द्वारा वीडियो बनाए जानें को लेकर अवैध कार्य करा रहे किंग ढाबा के संचालक आकाश कुमार के इशारे पर उसके वर्कर द्वारा पत्रकार पर जान लेवा हमला कर दिया गया। पत्रकार अंकित साहू को 8 से 10 लोगो ने घेर कर लात घूसों से मारा पीटा और साथ ही मोबाइल छीन कर वीडियो डिलीट कर दिया गया। इसका विरोध करने पर विरोधियों ने भद्दी भद्दी गालियां देना सुरु कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मोबाइल फेक कर चले गए। गौरतलब है कि इस तरह के अवैध कार्य में कई ढाबे, होटल वा दुकान संलिप्त हैं जो जांच का विषय है और आरोप सिद्ध होने पर कड़ी कार्यवाही करवाना चाहिए। पत्रकार अंकित कुमार साहू द्वारा इन पर अवैध कार्य का आरोप लगाया है जिसकी जांच होनी चाहिए किंग ढाबा कल्यानपुर संचालक आकाश कुमार निवासी आझुवा जो अवैध सरिया, मोटे लोहा का धंधा करता है साथ ही, पहलवान ढाबा नानबाई मोड़ में भी ढाबे की आड़ में अवैध सरिया, डीजल पेट्रोल का अवैध धंधा करने का आरोप लगाया गया है। इसके साथ ही चरन ढाबा केशरिया मोड़ संचालक सुग्गी मौर्य भी अवैध डीजल पेट्रोल का धंधा करता है गिरी होटल केशरिया मोड़ मुन्ना लाल अवैध सरिया मोटे लोहे का अवैध धंधा करता है, कुशवाहा ऑटो गैरेज कल्यानपुर संचालक मनीष सोनकार भी अवैध पेट्रोल डीजल का कार्य करते हैं। पत्रकार अंकित कुमार साहू की माने तो ये सभी ढाबों होटलों की आड़ में लागतार अवैध धंधे करते हैं।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों को अंग वस्त्र शील्ड और बैज देकर महिला शिक्षक संघ ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** महिला शिक्षक संघ कौशाम्बी द्वारा शनिवार को जनपद मुख्यालय मंझनपुर के विकास भवन स्थित सरस हाल में सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया सेवानिवृत्त 22 शिक्षकों को अंग वस्त्र शील्ड बैज दे कर महिला शिक्षक संघ ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया और उन्हें माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष श्रीमती सोनी केसरवानी द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती कल्पना सोनकर जिला पंचायत अध्यक्ष कौशाम्बी उपस्थिति रही प्रदेश स्तरीय कार्य कारिणी से प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती सुलोचना मौर्य विशिष्ट अतिथि तथा प्रदेश मंत्री साधना सिंह तथा प्रदेश मीडिया प्रभारी मिनी ओहरी ने कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज की।मंडल कार्यकारिणी से मंडल अध्यक्ष श्री मति अपर्णा वाजपेयी महामंत्री सुश्री अंजली मौर्य, मंडल मीडिया प्रभारी अर्चना वाजपेयी एक कार्यक्रम में मौजूद रही मुख्य अतिथि कल्पना सोनकर द्वारा सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई आये हुए अतिथियों को माला-फूल आदि से स्वागत किया गया। गीता मैम और मीरा मैम ने आए हुए अतिथियों का रोली और तिलक लगाकर स्वागत किया। क्षमा सचान रश्मितारा तथा सुधा गौड़ और शालिनी द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान सन्दीप चौधरी, नागेश अवनीश तथा रामू सिंह द्वारा किया गया। तथा अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह आदि देकर सम्मानित किया गया।स्वागत गीत सुमन कुशवाहा द्वारा तथा प्रेरणा गीत शालिनी सिंह द्वारा प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का स्वागत किया गया कार्यक्रम का संचालन सुनिष्ठा प्रजापति तथा रजनी केसरवानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सोनी केसरवानी, रजनी केसरवानी, मुन्नी देवी, रश्मि तारा, संगीता, सुधा गौड़, सुमन कुशवाहा, मीरा यादव, गीता देवी, संध्या अवस्थी, सुनिष्ठा प्रजापति, नम्रता यादव, शालिनी सिंह तोमर, स्नेहलता यादव तथा बेसिक शिक्षक परिवार के सदस्य नागेश सिंह, रामू सिंह, संदीप चौधरी तथा अवनीश सहित तमाम शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# मतगणना में गड़बड़ी की सदस्य प्रत्याशी ने की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**




निष्पक्ष जांच कर मंझनपुर नगर पालिका परिषद के वार्ड नं. 25 से घोषित सदस्य प्रत्याशी का चुनाव निरस्त किए जाने की मांग

**कौशांबी।** नगर निकाय के चुनाव में नगर पालिका परिषद मंझनपुर के मतगणना में गड़बड़ी की शिकायत वार्ड नंबर 25 के सदस्य पद के प्रत्याशी ने डीएम के साथ निर्वाचन आयोग के अधिकारियों को डाक द्वारा पत्र भेजकर की है नगर पालिका परिषद मंझनपुर के वार्ड नंबर 25 संत रविदास नगर के सदस्य पद की प्रत्याशी शालनी सिंह ने अधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि उनके वार्ड में जितने मत पड़े थे गिनती के समय 20 मत अधिक निकले हैं उनका कहना है कि मतगणना के समय 20 मतपत्र कहां से आए इसकी शिकायत किए जाने के बाद भी गणना में लगे अधिकारियों ने उनकी बात को अनसुनी कर दी है निष्पक्ष जांच करने के बजाय गलत तरीके से चुनाव परिणाम घोषित कर दिया है। शिकायतकर्ता शालनी सिंह ने बताया कि वार्ड नंबर 25 के बूथ नंबर 54 में 722 मत पत्र मतपेटी में डाले गए थे लेकिन मतगणना के समय मतपेटी में 742 मत पत्र मिले हैं उन्होंने मतगणना में लगे कर्मचारियों पर साजिश रच कर हेराफेरी करने का आरोप लगाया है बताते चलें कि शालिनी सिंह ने अधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि अध्यक्ष पद के मतगणना में बूथ संख्या 54 में 722 मत मिले हैं जबकि सदस्य पद पर मतपेटी में 742 मतपत्र निकले हैं उनका कहना है कि जब प्रत्येक मतदाता को सदस्य और अध्यक्ष पद का एक मत पत्र दिया जाता है तो अध्यक्ष और सदस्य के पद में मतपत्र की गणना के समय अंतर कैसे आ गया शालनी सिंह की शिकायत में वार्ड नंबर 25 से अन्य प्रत्याशी शिव कुमारी विमला देवी किरन देवी दीपा यादव पूनम त्रिपाठी बिंदी देवी आदि ने भी मतगणना में हेराफेरी का समर्थन करते हुए निष्पक्ष जांच कर वार्ड नंबर 25 से घोषित सदस्य प्रत्याशी का चुनाव निरस्त किए जाने की मांग की है।

## अवैध खनन अवैध परिवहन ओवर लोडिंग पाये जाने पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाए : डीएम

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार में उप खनिजों के अवैध खनन/अवैध परिवहन/ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिए जनपद स्तर पर गठित टास्क फोर्स एवं खनन पट्टाधारकों व ट्रान्सपोर्टरों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी पट्टाधारकों से कहा कि अवैध खनन न किया जाय तथा खनन स्वीकृत क्षेत्र सीमा पर पिलर स्पष्ट रूप से लगा हों, अन्यथा सम्बन्धित पट्टाधारक के विरूद्ध कार्यवाही की जायेंगी। धर्मकाटा पर लगा सी0सी0टी0वी0 कैमरा पूर्णतयः क्रियाशील होना चाहिए तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी गाड़ियॉ धर्मकांटा से होकर जायें। उन्होने कहा कि प्रातः 06 बजे से सायं 06 बजे तक ही खनन कार्य सुनिश्चित किया जाय। सायं 06 बजे के बाद खनन कार्य न किया जाय, अन्यथा आपके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेंगी तथा शासन द्वारा खनन से सम्बन्धित जारी किये गये सभी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि ओवरलोड गाड़ियॉ पाये जाने पर गाड़ी के साथ ही सम्बन्धित गापट्टाधारक के विरूद्ध भी कार्यवाही की जायेंगी। जिलाधिकारी ने ट्रान्सपोर्टरों से कहा कि ओवरलोडिंग न किया जाय, ओवरलोडिंग पाये जाने पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने कहा कि गाड़ियों में फर्जी/टेम्पर्ड नम्बर न अंकित किया जाय, अन्यथा आपके विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर कार्यवाही की जायेंगी। गाड़ी नम्बर गाड़ी के आगे एवं पीछे स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनपद से होकर जाने वाली सभी ओवरलोडेड गाड़ियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा रहीं है। उन्होंने खनन अधिकारी एवं ए0आर0टी0ओ0 को निर्देशित किया कि धर्मकाटा के साथ छेड़छाड़ करने वालों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही किया जाय। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने खनन पट्टाधारकों एवं ट्रान्सपोर्टरों की समस्याओं को सुनकर समाधान किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में पासरों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जा रहीं है। जनपद में अवैध खनन अवैध परिवहन ओवरलोडिंग गाड़ियो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रहीं है, किसी भी स्थिति में अवैध खनन अवैध परिवहन नहीं होने दिया जायेंगा इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय एवं सभी उपजिलाधिकारीगण व क्षेत्राधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा पट्टाधारक व ट्रान्सपोर्टर उपस्थित रहे।



# सरकारी जमीन से माफिया खोद रहे मिट्टी जिम्मेदार बने लापरवाह

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** अवैध कार्यों में लगे लोगों के हौसले बुलंद है संगठित अपराध बेखौफ तरीके से फल-फूल रहा है पुलिस अधिकारियों के संगठित अपराध रोकने के निर्देश हवा हवाई साबित हो रहे हैं संगठित अपराध में लिप्त लोगों से पुलिस वसूली कर मालामाल दिखाई पड़ रही है मंझनपुर नगर पालिका के वार्ड नंबर 5 स्थित तालाब में गुरुवार को शाम होते ही जेसीबी लगाकर मिट्टी की खुदाई का काम शुरू हो गया और देर रात तक मिट्टी का अवैध खनन कर बेचने का काम किया जा रहा था जब लोगों ने इसकी शिकायत मंझनपुर कोतवाल से किया कि मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है जबकि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट का साफ तौर पर आदेश है कि किसी भी तालाब या सरकारी संपत्ति से अवैध खनन नहीं किया जाएगा लोगों की शिकायत पर मंझनपुर कोतवाल ने कोई कार्यवाही नहीं किया इससे साफ जाहिर हो रहा है कि मिट्टी खनन माफियाओं को पुलिस ने संरक्षण दे रखा है जिसकी वजह से अवैध खनन करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है अगर मंझनपुर मुख्यालय में तालाब में आधा दर्जन ट्रैक्टर लगाकर जेसीबी से मिट्टी का खनन कर बिक्री किया जा रहा है इससे साफ जाहिर हो रहा हैं कि जिले का क्या हाल होगा अब देखना यह है की मिट्टी का खनन कर बिक्री करने वाले माफियाओं के खिलाफ पुलिस प्राथमिकी दर्ज करती है या नहीं यह तो राम ही जाने।

**तहसील प्रशासन नगर पालिका और पुलिस के संरक्षण में सरकारी तालाब से हो रहा मिट्टी का अवैध खनन**



# अट्ठारह लाख की लागत से बना पार्क दुर्दशा का शिकार!

**अखंड भारत संदेश**



**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा में योगी सरकार ने नगरवासियों के लिए तमाम तरह की योजनाएं व सुविधाएं प्रदान की है किंतु नगर पंचायत अझुवा प्रशासन की निष्क्रियता और खाओ कमाओ की नीति के कारण असल उद्देश्य को अमली जामा नही पहनाया जा सका है। ऐसे ही लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रख वार्ड नं 2 अम्बेडकर नगर मलिन बस्ती में डूडा कालोनी के बगल में 2019-2020 में 18 लाख रुपये की लागत से पार्क का निर्माण कराया गया था जिसमे तमाम तरह के खूबसूरत पौधे, लगाकर सजाया गया था लेकिन आज तक इस पार्क का गेट तक नही खोला गया नगर पंचायत अझुवा में कई दर्जन संविदा, आउटसोर्सिंग के कर्मचारी तैनात हैं लेकिन जिम्मेदारों ने कभी साफ सफाई, पौधों को पानी देने की जिम्मेदारी नही तय की जिससे आज पार्क दुर्दशा का शिकार हो गया है वहीं डूडा कालोनी और मोहल्लेवासियों के अनुसार इस पार्क का कभी गेट ही नही खुलता। धीरे-धीरे पेड़ पौधे सूख रहे हैं। वही नगर वासियों ने जिम्मेदारों से पार्क की सुंदरीकरण कराने की मांग की है जिससे नगरवासी पार्क में आकर खुली हवा का आनन्द ले सके। वहीं इस सम्बंध में अधिशाषी अधिकारी सुभाष चन्द्र सिंह ने कहा शीघ्र ही एक कर्मचारी की नियुक्ति कर पार्क की साफ सफाई करवाई जाएगी।

जन संपादकीय

# आतंकवाद के अँधेरे को मिटाना होगा

**सुनील कुमार महला**

**किसी** ने क्या खूब लिखा है- 'आतंकवाद से धरा दूषित हैं, इसे शुद्ध हो जाने दो। हाथ खोल दो वीरो के ,अब महायुद्ध हो जाने दो।' आतंकवाद नासूर है, यह एक दंश है, जिसमें जहर ही जहर भरा है, इसे आज समूल नाश करने की आवश्यकता है क्योंकि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है।आज के समय में आतंकवाद का खतरा गंभीर और वास्तविक है और आज के समय में भारत ढ़ेर सारी चुनौतियों का सामना कर रहा है जैसे गरीबी, जनसंख्या वृद्धि, निरक्षरता, असमानता आदि लेकिन आतंकवाद इनमें सबसे ज्यादा खतरनाक है जो आज पूरी मानव जाति को प्रभावित कर रहा है। वास्तव में, अपने कुछ राजनीतिक, धार्मिक या व्यक्तिगत लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये आतंकवाद द्वारा हिंसात्मक तरीकों का प्रयोग ही आतंकवाद है।

आतंकवाद के बारे में भयानक बात ये है कि अंततः ये उन्हें नष्ट कर देता है जो इसका अभ्यास करते हैं। आतंकवाद किसी भी देश के राष्ट्रीय सद्भाव को,शान्ति को नुकसान पहुंचाता है। जी हां, आतंकवाद मानवहीनता की पराकाष्ठा है जिसका न कोई धर्म ही है और न ही कोई उद्देश्य। जानकारी देना चाहूंगा कि प्रत्येक वर्ष 21 मई को एंटी टेररिज्म-डे या आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। वास्तव में, इस दिवस को मनाने के पीछे उद्देश्य राष्ट्रीय सद्भाव को बढ़ावा देना, आतंकवाद को कम करना और सभी जातियों, पंथों आदि के लोगों के बीच एकता को बढ़ावा देना है। अब बात करते हैं कि आखिर इस दिवस को मनाने के पीछे कारण क्या हैं ? तो इस बारे में जानकारी देना चाहूंगा कि आज ही के दिन यानी कि 21 मई, 1991 के दिन ही एक आंतकी हमले में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी। इस दिन राजीव गांधी भारत के तमिलनाडु राज्य के श्रीपेरंबुदूर में थे, जहां आतंकवादी संगठन लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (एलटीटीई) ने ह्यूमन बम(मानवीय बम) या यूं कहें कि एक महिला सुसाइड बम के जरिए उनकी हत्या की थी और राजीव गांधी की हत्या के बाद वी.पी. सिंह सरकार ने 21 मई को एंटी-टेररिज्म डे(आतंकवाद विरोधी दिवस) के रूप में मनाने का फैसला किया था, तब से लेकर यह दिवस मनाया जाता है ताकि आमजन में आतंकवाद के, हिंसा के गलत प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके। आज के दिन हम सभी को यह प्रेरणा लेने की जरूरत है कि हम भारतवासी सदा सदा से अहिंसा में,शान्ति में, भाईचारे में विश्वास करते आए हैं और हम आतंकवाद व हिंसा का डटकर सामना करेंगे और समाज के ताने बाने की सुरक्षा के लिए आतंकवाद से लड़ते हुए समाज व देश के हित में कदम उठायेंगे। हमें सामाजिक शांति, सद्भाव, आपसी सहयोग, भाईचारे की भावना के लिए प्रतिबद्ध व कृतसंकल्पित होना चाहिए और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने और समाज व देश को नुकसान पहुंचाने वाली हरेक प्रकार की विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेने की जरूरत है। हमें आतंकवाद के संदर्भ में यह बात भी सदैव याद रखनी चाहिए कि, जैसा कि प्रसिद्ध कवि व साहित्यकार हरिओम पंवार जी ने एक स्थान पर लिखा है कि-'...बंदूकों की गोली का उत्तर सद्भाव नहीं होता। हत्यारों के लिए अहिंसा का प्रस्ताव नहीं होता।कोई विषधर कभी शांति के बीज नहीं बो सकता है।और भेड़िया शाकाहारी कभी नहीं हो सकता है...।।' बहरहाल, यहाँ कहना गलत नहीं होगा कि आतंकवाद आज भारत ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व की एक गंभीर समस्या है।

महात्मा गांधी जी ने एक बार कहा था कि-'मैं मरने के लिए तैयार हूँ, पर ऐसी कोई वजह नहीं है जिसके लिए मैं मारने को तैयार हूँ।' उन्होंने हत्या, हिंसा व आतंकवाद को कभी भी अच्छा नहीं माना, क्यों कि आतंकवाद की न तो कभी कोई राष्ट्रीयता ही होती है और न ही कोई धर्म और उद्देश्य। आतंकवाद स्वतंत्रता वादी मूल्यों पर हमला होता है। वास्तव में, आतंकवाद असंभव की मांग करने की रणनीति है, और वो भी बन्दूक की नोक पर। आज अफ्रीका और एशिया में आतंकवाद फैल रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि पिछले कुछ समय पहले ही भारत ने विशेष रूप से अफ्रीका और एशिया के क्षेत्रों में आतंकवाद के प्रसार पर चिंता जताई थी और पाकिस्तान पर परोक्ष हमला करते हुए कहा था कि आतंकवादियों को पनाह देने वाले देशों का ध्यान खींचते हुए उनके कृत्यों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। भारत ने संयुक्त राष्ट्र के मंच से यह भी कहा है कि 'जिन देशों में आतंकवाद के खतरे से निपटने की क्षमताओं का अभाव है, उनकी मदद की जानी चाहिए, वहीं आतंकवादियों को पनाह देने वाले देशों को उनके कृत्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।' भारत हमेशा हमेशा से पंचशील के सिद्धांतों में विश्वास करता आया है और हमेशा शांति, संयम व धैर्य का परिचय दिया है। सदा सदा से भारत ने धर्म, आस्था, संस्कृति, जाति से परे सभी किस्म के आतंकवादी हमलों की कड़ी निंदा की है। वास्तव में, हिंसा कभी भी किसी समस्या का हल नहीं सकती है। हिंसा व नफरत कभी भी मानवता के लिए अच्छे नहीं होते हैं। आज भारत पूरी तरह आतंकवाद को निर्मूल करने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी हमेशा प्रतिबद्ध रहेगा और इस लक्ष्य तक प्राप्त करने से पहले चैन की सांस नहीं लेगा। वह आतंकवाद, आतंकवदियों के खिलाफ डटकर मुकाबला करता रहेगा। अंत में, यही कहना चाहूंगा कि व्यक्ति अथवा समूह द्वारा अपने राजनैतिक, धार्मिक, तथा सांस्कृतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए नियोजित संगठित तथा व्यवस्थित हिंसा का प्रयोग कर जनता को भयाक्रांत करना ही आतंकवाद है। आतंकवाद को दूर करने के लिए आमजन को जागरूक होना होगा,क्यों कि इसे मिटाना किसी सरकार विशेष व व्यक्ति विशेष का कार्य नहीं है, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। बहरहाल, किसी कवि की चंद शानदार पंक्तियों के साथ आर्टिकल को विराम देना चाहूंगा- 'हर घर में दीप जलाना होगा, आतंकवाद के अँधेरे को मिटाना होगा। 'अ' से अमरुद, 'च' से चरखा छोड़, 'अ' से अमन, 'च' से चैन पढ़ाना होगा।। मेरी धरती, मेरा देश छोड़, हमारी धरती, हमारा देश सिखाना होगा। हर एक देश के नागरिक को अब, देश का पहरेदार बनाना होगा।।

# कब समाप्त होगा नासूर बनता आतंकवाद

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**भारत** में हर साल 21 मई को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। 21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में कांग्रेस पार्टी के लिए प्रचार करते समय लिट्टे के आतंकवादियों द्वारा उनकी हत्या कर दी गई थी। राजीव गांधी भारत के सबसे कम उम्र में प्रधानमंत्री बने थे। 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उन्होने 1984 से 1989 तक प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा की थी। आतंकवाद विरोधी दिवस को मनाने के पीछे का उद्देश्य युवाओं को आतंकवाद और हिंसा से दूर करना है। आम लोगों की पीड़ा को उजागर करना और यह दिखाना कि यह कैसे राष्ट्रीय हित के लिए हानिकारक है। इस दिवस को राष्ट्रीय सद्भाव को बढ़ावा देने, आतंकवाद को कम करने और सभी जातियों, पंथों आदि के लोगों के बीच एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। आतंकवाद शब्द एक आपराधिक और हिंसक गतिविधि की ओर संकेत करता है। जो किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह या संगठन द्वारा आम जनता के बीच डर पैदा करने के लिए, सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए, अपने विशेष धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक आदि लक्ष्यों को पूरा करने के लिए किया जाता है। आतंकवाद सिर्फ भारत तक ही सीमित नहीं है। बल्कि ये पुरे विश्व की समस्या बन चुकी है। विभिन्न देशों तथा भारत में आतंकवादी समूहों के गठन के कारण भिन्न-भिन्न हो सकते हैं। पर इन कारणों में मुख्य रूप से सामाजिक-आर्थिक असमानता, भेदभाव, अलगाव, सत्तारूढ़ दल, धार्मिक उग्रवाद और जातीय राष्ट्रवाद के कामकाज से असंतोष शामिल हैं। आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने का उद्देश्य राष्ट्रीय हितों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों, आतंकवाद के कारण आम जनता को हो रही परेशानियों, आतंकी हिंसा से दूर



रखना है। इसी उद्देश्य से स्कूल-कॉलेज और विश्वविद्यालयों में आतंकवाद और हिंसा के खतरों पर परिचर्चा, वाद-विवाद, संगोष्ठी, सेमीनार और व्याख्यान आदि का आयोजन किया जाता है। आतंकवाद विरोधी दिवस शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। आतंकवादी निर्दोष लोगों पर आपदा थोपते हैं क्योंकि उनका ब्रेन वॉश कर दिया जाता है। वे मानते हैं कि यह उनका धार्मिक उद्देश्य है या सिर्फ इसलिए कि उनके पास विवेक नहीं है। उनकी प्रेरणा कुछ भी हो इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि उनकी गतिविधियां अनैतिक हैं। इस दिन हमें उन हजारों सैनिकों और पुलिसकर्मियों द्वारा दिए गए बलिदानों को याद करते हैं जिन्होंने अपने देश और अपने लोगों की रक्षा के लिए आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुये शहीद हो गये। पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में एक आत्मघाती बम विस्फोट में आतंकवादी समूह लिबरेशन ऑफ तमिल टाइगर्स ईलम ( लिट्टे ) की एक महिला द्वारा हत्या कर दी गई थी। महिला के कपड़ों के अन्दर विस्फोटक थे और वह राजीव गांधी के पास गई और उनके पैर छूने के लिए नीचे झुकी तब बम फट गया। जिससे उनकी और लगभग 25 अन्य लोगों की मौत हो गई थी। यह एक बहुत बड़ा अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद था जिसने दुनियाभर के लागों के मन में डर पैदा किया था। देश में आतंकवाद पर अकुंश लगाने के उद्देश्य से 2 अप्रैल 2002 को टाडा के स्थान पर एक नया आतंकवाद निरोधी अधिनियम पोटा लागू किया गया। संसद के दोनो सदनों के संयुक्त अधिवेशन में 26 मार्च 2002 पारित होने के बाद 2 अप्रैल 2002 को राष्ट्रपति के अनुमोदन के साथ ही यह विधेयक एक अधिनियम पोटा के रूप में आस्तित्व में आया। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 22 के खंड-3,4,5 तथा 6 में निवारक निरोध तत्सम्बन्धी प्रावधानों का उल्लेख है ।

आतंकवाद हिंसा का एक ऐसा गैर कानूनी तरीका है जो लोगों को डराने के लिए आतंकवादियों द्वारा प्रयोग किया जाता है। आतंकवाद को हिंसात्मक गतिविधि के रूप में परिभाषित किया जाता है जो कि अपने आर्थिक, धार्मिक, राजनीतिक एवं विचारात्मक लक्ष्यों की प्रतिपूर्ति के लिए गैर-सैनिक अर्थात नागरिकों की सुरक्षा को भी निशाना बनाते हैं। अपनी देश की सरकार से अपनी मांगे को पूरा करवाना ही आतंकवादियों का मुख्य लक्ष्य होता है। कई बार आतंकवादी हमले अपने वैचारिक और धार्मिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए भी की जाती है। राष्ट्र विरोधी लोगों द्वारा किये गए राजनीतिक, वैचारिक या धार्मिक हिंसा को भी आतंकवाद की श्रेणी का ही समझा जाता है। अब इसके तहत गैर-कानूनी हिंसा और युद्ध को भी शामिल कर लिया गया है। आतंकवादियों के पास कोई नियम और कानून नहीं होती है। यह लोग समाज और देश में आतंक के स्तर को बढ़ाने और भय उत्पन्न करने के लिए केवल हिंसात्मक गतिविधियों का सहारा लेते हैं। हमे आतंकवाद को पूरी तरह से खत्म करने के बारे में सोचना होगा और मन, मतिष्क और दुनिया से पूरी तरह आतंकवाद का सफाया करना होगा। सभी देशवासियों को एकजुट होकर आतंकवाद की समस्या का सामना करना होगा। आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रत्येक वर्ष 21 मई को इस पर चर्चा की जाती है और इस समस्या से निपटने के लिए उपाय सुझाये जाते है। आतंकवाद विरोधी दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगो को आतंकवाद के प्रति जागरूक करना है और इससे बचने की तरकीबो को अवगत करना है। ताकि कभी कोई देशवासी आतंकवाद का शिकार न हो। भारत सरकार हिंसात्मक लोगो को आतंकवाद के प्रति सचेत रहने के लिए बचाव के उपाय बताती है। जिसके लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

इस दिन लोगो के अंदर एकत्रित रहने की भावना को उत्पन्न किया जाता है। जिससे बड़ी से बड़ी परेशानी का सामना मिलकर आसानी से कर सके और आतंकवाद के खिलाफ चलाई गयी मुहीम के भागीदारी दे सके। आतंकवादी संगठन नौजवानो को अपने जाल में फसाने की साजिश में लगे रहते है नौजवानो का जीवन भी अपनी तरह अन्धकार में धकेलने की कोशिश करते है। ऐसी परिस्थियों से बचने के लिए भी नोजवानो के मन में देश प्रेम की भावना जगानी होगी। तभी हम देश को आतंकवाद की घटनाओं से बचा पायेगें।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

# उड़ी बाबा ! आतंकवादी, नक्सलवादी हमला !

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर आतंकवादी हमलों से अनेक विकसित देशों सहित छोटे, मध्यम, विकासशील सहित हर देश जूझ रहे हैं, क्योंकि आतंकवादियों का कोई धर्म मजहब नहीं होता, उनका कोई व्यक्तिगत उद्देश्य नहीं होता, परंतु अगर उनका कट्टरता से ब्रेनवाश कर युवाओं की को आतंकवाद रूपी खाई में जब धकेला जाताहै,तो फिर उनका उद्देश्य और अंतिम मकसद केवल आतंकवाद फैलाना निर्दोष नागरिकों की हत्याएं करना, आत्मघाती हमलों को अंजाम देना रह जाता है जो हर देश के राष्ट्रहित के लिए अति नुकसानदेह हो जाता है, उस देश के विकास को कई वर्षों पीछे धकेल दिया जाता है। आतंकवाद का दंश झेलने वालों में भारत भी बहुत अधिक पीड़ित है,क्योंकि आए दिन पड़ोसी मुल्कों से बॉर्डर पार कर आने वाले आतंकवादियों द्वारा भारत के अधिकृत जेके क्षेत्र सहित अनेकों शहरों क्षेत्र में खून खराबा किया जाता है, जिसका निर्दोष नागरिकों सहित सुरक्षा बल के जवानों की शहीदी कारीब रोज हो रही है।भारत अधिकृत जेके छेत्र में तो हमारे सुरक्षा बलों के वीरों के शहीद होने की घटनाएं खबरें सुनने और पढ़ने को अधिकतम मिल रही है, हालांकि हमारी सेना उनसे डटकर मुकाबला कर रही है परंतु स्थाई समाधान नहीं निकल रहा है जिसे ढूंढने के लिए हमें आतंकवाद के खिलाफ तेजी से जन जागरण अभियान चलाना होगा क्योंकि ताजमहल मुंबई, हमला संसद हमला, सेना पर बड़े-बड़े हमले सहित क्षेत्रीय जिलों राज्यों में नक्सलवादी हमलों की घटनाओं बढ़ रही है हमारे जवान शहीद हो रहे हैं। आतंकवाद नक्सलवादियों की भी मारे जाने की खबरें आती है। उधर एक अभियान के तहत आतंकवादियों नक्सलियों के समर्पण का कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है यहीं से जन जागरण की शुरूआत की बात उठती है। चूंकि 21 मई 2023 को



राष्ट्रीय आतंकवाद विरोध दिवस मनाया जा रहा है, क्योंकि उस दिन पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या की गई थी। इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से से चर्चा करेंगे, उड़ी बाबा ! आतंकवादी नक्सलवादी हमला ! आओ जन जागरण अभियान चलाएं।

साथियों बात अगर हम राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने की करें तो, भारत में हर साल 21 मई को लोगों के बीच शांति और एकता का संदेश फैलाने के लिएआतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। यह वह दिन है जिसे लोगों को एकजुट होने और आतंकवाद के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है। पिछले कुछ वर्षों में दुनिया भर में हुए कुछ बड़े हमलों और घटनाओं के कारण आतंकवाद की आशंका बढ़ी है। भारत में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने की शुरूआत देश के सबसे महत्वपूर्ण व्यक्तित्वों में से पूर्व पीएम पर हुए सबसे बड़े आतंकवादी हमलों से हुई, राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस का प्राथमिक उद्देश्य देश के भीतर सभी प्रकार की आतंकवादी गतिविधियों का दृढ़ता से विरोध और निंदा करना है।इसका उद्देश्य आतंकवादकी विनाशकारी प्रकृति के बारे में जागरूकता बढ़ाना और सद्भाव,भाईचारे,शांति,एकता और मानवता की विशेषता वाली दुनिया को बढ़ावा देना है। यह दिन आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने और इन मूल्यों को कायम रखने वाले समाज को बढ़ावा देने की दिशा में काम करने की हमारी सामूहिक जिम्मेदारी की याद दिलाता है। इस दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य युवाओं को आतंकवाद और हिंसा के पंथ से दूर करना है, और इसका लक्ष्य आम लोगों की पीड़ा को प्रकाश में लाना है। आम लोगों को यह दिखाना है कि कैसे आतंकवाद राष्ट्रीय हित के लिए हानिकारक है।

साथियों बात अगर हम इस दिन के महत्व की करें तो, कुछ प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैंः(1)जागरूकता आतंकवाद विरोधी दिवस लोगों कोः आतंकवाद की प्रकृति, इसके विनाशकारी परिणामों और इसका मुकाबला करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता के बारे में शिक्षित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। (2) सामूहिक कार्यवाही पर बलः यह दिन लोगों के बीच एकता और एकजुटता की भावना को बढ़ावा देता है, इस बात पर बल देता है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता है। यह आतंकवाद से उत्पन्न आम खतरे के सामने नागरिकों को एक साथ खड़े होने और एक दूसरे का समर्थन करने, धर्म, जाति या जातीयता जैसे मतभेदों को पार करने के लिए प्रोत्साहित करता है। (3) पीड़ितों को याद करनाः आतंकवाद का शिकार हुए पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। यह आतंकवाद के कृत्यों में मारे गए निर्दोष लोगों की याद दिलाता है और उन लोगों की स्मृति का सम्मान करता है जो इस तरह के कृत्यों के कारण पीड़ित हुए हैं (4) शांति और सद्भाव को बढ़ावा देनाः आतंकवाद विरोधी दिवस शांति, अहिंसा, सहिष्णुता और सद्भाव के मूल्यों पर जोर देता है। इसका उद्देश्य व्यक्तियों और समुदायों के बीच समझ, आपसी सम्मान और स्वीकृति की संस्कृति को बढ़ावा देना है, जिससे उन विभाजनकारी विचारधाराओं का मुकाबला किया जा सके जो अक्सर आतंकवाद के कृत्यों को बढ़ावा देती हैं। (5) वैश्विक सहयोगः हालांकि आतंकवाद विरोधी दिवस मुख्य रूप से भारत में मनाया जाता है, लेकिन इसका महत्व राष्ट्रीय सीमाओं से परे है। यह दिन आतंकवाद का मुकाबला करने के वैश्विक प्रयास का प्रतीक है और इस अंतर्राष्ट्रीय खतरे से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, सूचना साझा करने और संयुक्त कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर देता है।

साथीयों बात अगर हम दिनांक 19 मई 2023 को माननीय पीएम द्वारा जी7 सम्मेलन हिरोशिमा जापान जाने के पूर्व आतंक पर बयान की करें तो उन्होंने शुक्रवार को कहा कि भारत पड़ोसी मुल्क के साथ एक सामान्य और पड़ोसी संबंध चाहता है, हालांकि यह उसपर पर है कि वह आतंकवाद और शत्रुता से मुक्त एक अनुकूल वातावरण तैयार करे। उन्होंने अपनी जापान यात्रा से पहले जापानी अखबार से बात करते हुए कहा कि नई दिल्ली पड़ोसी मुल्क के साथ सामान्य और पड़ोसी संबंध चाहती है। उन्होंने कहा,हालांकि, आतंकवाद और शत्रुता से मुक्त एक अनुकूल वातावरण बनाना उनके लिए आवश्यक है। इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने की जिम्मेदारी पड़ोसी की है।इस बीच, मोदी ने भारत चीन संबंधों पर भी बात की। चीन के साथ गतिरोध के बीच पीएम नें कहा कि भारत अपनी संप्रभुता और सम्मान की रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार और प्रतिबद्ध है। 2020 की झड़प के बाद से दोनों देशों के तनाव और बढ़ गए हैं। चीन के साथ सामान्य द्विपक्षीय संबंधों के लिए सीमावर्ती इलाकों में अमन-चैन जरूरी है।भारत-चीन संबंधों का भविष्य का विकास केवल आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हितों पर आधारित हो सकता है। उन्हों ने कहा कि संबंधों को सामान्य करने से व्यापक क्षेत्र और दुनिया को लाभ होगा।

# धरती के संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करना होगा

**सुनील महला**

**प्रत्येक** वर्ष 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता(जैव वैविध्य) दिवस(इंटरनेशनल बायोडायवर्सिटी-डे) के रूप में मनाया जाता है। जानकारी देना चाहूंगा कि 29 दिसंबर वर्ष 1992 को संयुक्त राष्ट्र संघ के तत्वाधान में नैरोबी में जलवायु सम्मेलन में जैव विविधता पर दुनिया का ध्यान गया था और इसी सम्मेलन में यह फैसला लिया गया था कि प्रत्येक वर्ष वैश्विक स्तर पर जैव विविधता दिवस मनाया जाएगा। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि पहले इसे 29 मई को मनाने का फैसला किया गया था लेकिन बाद में इसे 22 मई को मनाने पर सहमति बनी। तब से 22 मई को पूरी दुनिया में जैव- विविधता दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई। धरती ग्रह के पारिस्थितिकीय तंत्र के संतुलन को बनाए रखने के जैव विविधता बहुत आवश्यक है। वास्तव में, अंतर्राष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस (इंटरनेशनल डे फॉर बॉयोलोजिकल डायवर्सिटी) जैव-विविधता संरक्षण की भावना को बढ़ावा देता है। इसमें पर्यावरण के प्रति सम्मान और इसके संरक्षण हेतु उत्तरदायित्व की भावना निहित है। जैव वैविध्य या जैव विविधता पृथ्वी पर जीवन की विविधता और परिवर्तनशीलता है।

जैव विविधता दो शब्दों के मेल से बना है, बायो(जैव) और डायवर्सिटी(विविधता)। यहाँ 'बायो' का अर्थ है 'जीव' तथा 'डाइवर्सिटी' का अर्थ है 'विविधता।' साधारण शब्दों में किसी निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में पाए जाने वाले जीवों की संख्या और उनकी विविधता को जैव विविधता कहते हैं। इसका संबंध पौधों के प्रकार व प्राणियों तथा सूक्ष्म जीवाणुओं से है। जैव विविधता एक सजीव संपदा है। यह विकास यात्रा के लाखों वर्षों का परिणाम है। जैव विविधता, जैसा कि इसके नाम से ही यह स्पष्ट है कि यह पृथ्वी पर जीवन की विविधता को संदर्भित करती है। इसमें प्रजातियों की विविधता, पारिस्थितिक तंत्र और प्रजातियों के भीतर आनुवंशिक विविधता को शामिल किया जा सकता है। यह पौधों, जानवरों, कवक और सूक्ष्मजीवों की विविधता के साथ-साथ उन पारिस्थितिक तंत्रों की विविधता को समाहित करता है, जिनमें वे निवास करते हैं। जैव विविधता के प्रकारों में क्रमशः पारिस्थितिकीय तंत्र विविधता(वन,महासागर, आर्द्रभूमि), प्रजाति विविधता(किसी क्षेत्र विशेष में रहने वाली विभिन्न प्रजातियों की विविधता), आनुवांशिक विविधता(एक प्रजाति के भीतर आनुवांशिक भिन्नता की विविधता), कार्यात्मक विविधता(भूमिकाओं, कार्यों और प्रक्रियाओं की विविधता को संदर्भित करता है जो विभिन्न प्रजातियों और उनकी अंतःक्रियाओं में पारिस्थितिकी तंत्र में होती है) तथा सांस्कृतिक विविधता(मानव व प्रकृति के बीच) को शामिल किया जा सकता है। दूसरे शब्दों में कहें तो, जैव विविधता किसी एक क्षेत्र में मौजूद विभिन्न प्रजातियों और इन प्रजातियों के पारिस्थितिक तंत्र की विविधता है।

हम यूं भी कह सकते हैं कि 'जैव विविधता (बायो डायवर्सिटी) पृथ्वी पर व्याप्त सभी जीव स्वरूपों यानी कि पादप व जन्तु की 'जैविक विविधता' होती है जो इन प्राणियों की जाति, आनुवांशिकी व इनकी पारिस्थितिकी(इकोलॉजी) में पायी जाती है।' सरल शब्दों में यह भी कहा जा सकता है कि किसी निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में पाए जाने वाले जीवों एवं वनस्पतियों की संख्या एवं प्रकारों को जैव विविधता कहा जा सकता है। जानकारी देना चाहूंगा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर, 2000 को 22 मई को "अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस" के रूप में घोषित किया था। इसके पीछे यूएनओ का मुख्य उद्देश्य यह था की विश्व में सभी लोगों को जैव विविधता के प्रति सतर्क किया जा सके जिससे विश्व की जैव विविधताएं बनी रह सकें और उसका संरक्षण किया जा सके। यहाँ यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि विश्व जैव विविधता दिवस 2020 की थीम- 'हमारे समाधान प्रकृति में हैं'।

# कर्नाटक में हार से कमजोर होगी भाजपा

**रमेश धमोरा**

**कर्नाटक** में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव देश की राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माने जाएगें। इस चुनाव से देश की राजनीति की दिशा व दशा बदल सकती है। कर्नाटक चुनाव में मतदाताओं ने जहां सत्तारूढ़ भाजपा का सफाया कर दिया। वहीं कांग्रेस पार्टी को बंपर बहुमत से जीता कर उसे नई संजीवनी प्रदान की है। लगातार जीत के नशे में चूर केंद्र में सरकार चला रहे भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व वाली छवि को भी इस विधानसभा चुनाव परिणाम से गहरा आघात लगा है। अब तक माना जाता रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने करिश्माई व्यक्तित्व के चलते हार को भी जीत में बदलने की क्षमता रखते हैं। मगर कर्नाटक में दिन-रात धुआंधार प्रचार व सैकड़ों किलोमीटर के रोड शो करने के उपरांत भी चुनाव में करारी हार से उनका करिश्माई व्यक्तित्व कमजोर पड़ा है। कर्नाटक के मतदाताओं ने जोड़-तोड़ की राजनीति को भी पूरी तरह नकार दिया है। इसीलिए एक लंबे समय के बाद कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत देकर एक स्थाई सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है। ताकि सरकार प्रदेश का चहुंमुखी विकास कर सके। इसके साथ ही पिछली बार बहुमत से दूर रहने के उपरांत भी भाजपा द्वारा जोड़-तोड़ व खरीद-फरोख्त कर कांग्रेस व जनता दल सेकुलर की सरकार को गिरा कर अपनी सरकार बनाने का भी मतदाताओं ने भाजपा को कड़ा दंड दिया है। कर्नाटक के मतदाताओं ने बता दिया है कि उनका ऐसी किसी भी पार्टी को समर्थन नहीं मिलेगा जो विधायकों को तोड़कर प्रदेश में कार्य कर रही सरकार को गिरा कर अपनी पार्टी की सरकार बनाएं। कर्नाटक विधानसभा का इस बार का चुनाव कई मायनों में खास माना जाएगा। कर्नाटक के मतदाताओं ने 224 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस को 135 सीटों के साथ ही 42. 88 प्रतिशत यानी एक करोड़ 67 लाख 89 हजार 272 वोट देकर सत्ता की चाबी सौंप दी है।

वहीं अब तक प्रदेश में सत्तारूढ़ रही भाजपा को 66 सीटों के साथ मात्र 36 प्रतिशत वोट यानी एक करोड़ 40 लाख 96 हजार 529 वोट देकर सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। वहीं प्रदेश में अब तक तीसरी ताकत माने जाने वाली जनता दल सेकुलर पार्टी को महज 18 सीट 13.29 प्रतिशत यानी 52 लाख पांच हजार 489 वोट मिल पाये है।

## गृहस्थी का काम राष्ट्र को मजबूत करना है: अनुज



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के बिहारा गांव के पेरातीर हनुमान मंदिर प्रांगण में नौ दिवसीय श्रीराम कथा भोले राम शुक्ला जनकल्याण को करा रहे हैं। श्रीराम कथा के सातवें दिन कामदगिरि परिक्रमा मार्ग से पधारे कथा व्यास अनुज शास्त्री ने कहा कि गृहस्थी को नर्क मत बनाएं। गृहस्थी का काम राष्ट्र को मजबूत करना है।

शनिवार को सातवें दिन आज के प्रसंग में राम के राजतिलक की तैयारियों दौरान महारानी कैकेई राजा दशरथ से अपने दो वचन मांगती हैं। कहती हैं कि पहले राम की सौगंध खाएं और मेरे वचन मुझे दे। राजा दशरथ खुशी में रानी से कहते हैं कि जो मांगो मैं वहीं दूंगा। रानी कैकेई दशरथ से मांगती हैं कि बेटे भरत को राजगद्दी और राम को 14 वर्ष का वनवास मिले। ये सुनते ही राजा दशरथ धरती पर गिर जाते हैं। राम सहित सब पहुंचते हैं। प्रभु राम जब वनवास को जाने लगते हैं तो सीता व लक्ष्मण भी तैयार हो जाते हैं। श्रीराम के वन जाने की बात सुनकर पूरा अवधपुरी रो पड़ा।

कथा व्यास ने कहा कि कथा को भाव व प्रेम से सुनने वाले ही ज्ञान प्राप्त करते हैं। इस मौके पर रमाकांत मिश्रा, रमेश शुक्ला, हिमांशु शुक्ला, मुन्ना त्रिपाठी, द्वारिका द्विवेदी,शारदा प्रसाद द्विवेदी, विकास शुक्ला, रजनीश तिवारी, संतोष मिश्रा, प्रेम चंद्र पांडे, राजा भैया शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## सीओ यातायात ने 90 वाहनों का किया ई-चालान, एक लाख 72 हजार किया जुमार्ना



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर यातायात व्यवस्था को चैकस बनाये रखने के प्रयासों में सीओ यातायात श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की अगुवाई में वाहनों की जांच का अभियान चला। अभियान के तहत एक लाख 72 हजार रुपये के ई-चालान किये गये। शनिवार को सीओ यातायात निष्ठा उपाध्याय की अगुवाई में प्रभारी यातायात मनोज कुमार ने यातायात पुलिस के साथ डग्गामार वाहनों की जांच का अभियान चलाया। अभियान में यातायात पुलिस ने मंदाकिनी पुल के पास डग्गामार वाहनों की जांच की। चारपहिया वाहनों पर लगी काली फिल्म को उतरवाई। नियमों का उल्लंघन करने वाले 90 वाहनों का हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, बिना हेलमेट एवं तीन सवारी व बिना सीट बेल्ट के चालान किया। यातायात पुलिस ने 90 वाहनों से एक लाख 72 हजार रुपये का ई-चालान किया।

## दिव्यांग उपकरण लेने को करें सम्पर्क

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने पात्र दिव्यांगों को निःशुल्क कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण देने को विभाग से योजना चल रही है। शनिवार को उन्होंने बताया कि योजना के आवेदक पंजीकरण को दिव्यांगजनों की वेबसाइट में आवेदन करें। जिले के ऐसे पात्र दिव्यांगों से कहा है कि जिन्हें कृत्रिम अंग/सहायक उपकरणो (ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैशाखी, कान की मशीन, स्मार्ट केन, वॉकर आदि) की जरूरत हो वे वेबसाइट में आनलाइन आवेदन कर सकते हैं या सीधे कार्यालय आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि आवेदक दिव्यांगता दशार्ता रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, जन्मतिथि प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, हाईस्कूल मार्कशीट, पहचान प्रमाण पत्र, वोटर आईडी, आय प्रमाण पत्र, शहरी 56460, ग्रामीण 46080 वार्षिक, मुख्य चिकित्साधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, उपकरण लेने को चिकित्साधिकारी से संस्तुति प्रमाण पत्र दें।

## नोनार गांव में प्रधान व सचिव ठिकाने लगा रहे सरकारी धनराशि, जमकर हो रहा भ्रष्टाचार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक के नोनार गांव में मनरेगा से कराए कार्यों में जमकर धांधली देखने को मिल रही है। मानक विहीन कार्य कराकर सरकारी धन का बंदरबाट किया जा रहा है।

शनिवार को पहाडी ब्लाक के नोनार गांव में धांधली की शिकायत मिली है। बताया गया कि मनरेगा योजना से कराए कमलेश के घर से गुलखू के घर तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण कार्य, कल्लू के घर से कमलेश के घर तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण कार्य, गौशाला में टीन शेड, चरही व इंटरलाकिंग खड़ंजा निर्माण कार्य व गौशाला में लेवलिंग व जंगल सफाई कार्य के नाम पर खूब धांधली की गई है। नेवतिया तालाब में खुदाई कार्य व सिल्ट सफाई के नाम पर खूब फजीर्वाड़ा हुआ है। बाबा तालाब में खुदाई के नाम पर सरकारी धन का बंदरबाट किया गया है। वित्त आयोग की धनराशि से डब्ल्यूबीएम रोड़ के ऊपर इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण कार्य व नाली निर्माण कार्य हुआ है। जबकि डब्ल्यूबीएम रोड़ के दोनो ओर पूर्व में नाली बनी थी। सरकारी धन को ठिकाने लगाने को पुरानी नाली को नया निर्माण दिखाकर सरकारी धन का गबन किया है। मजे की बात ये है कि सूबे की योगी सरकार भ्रष्टाचार खत्म करने का नारा दे रही है। वहीं प्रधान व सचिव की मनमानी से सरकारी धन को ठिकाने लगाया जा रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से नोनार गांव के विकास कार्यों की जांच कराने की मांग की है।

# बरुआ नदी की खुदाई क्षेत्र के लोगों के लिए होगी वरदान: डीएम

## बरुआ नदी का करायें सीमांकन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कैच द रैन प्रोजेक्ट के तहत बरुआ नाला खुदाई एवं सफाई के कार्य का शुभारंभ विधि-विधान से भूमि पूजन व खुदाई कर भरथौल बरुआ बांध के पास किया।

शनिवार को सीडीओ अमृतपाल कौर ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत बरुआ बांध से बन्दा यादव के खेत तक बरुआ नाला की झाड़ी सफाई और खुदाई का कार्य होगा। आज जिलाधिकारी ने शुभारंभ किया है। नाले में भरथौल, बैहार, तरांव, गोबरिया, टिटिहरा व मऊ ब के गांव आते हैं। इस नदी की लंबाई 20 किमी है। जिलाधिकारी ने सीडीओ से कहा कि बरुआ नदी का सीमांकन कराया जाए। जहां जलभराव है उसका भी चिन्हांकन करायें। मुख्य खुदाई की शुरूआत से ही आगे की ओर स्लोप लिया जाए।



जहां पर चेकडैम बनाने की आवश्यकता हो वहां पर चेकडैम को प्रस्ताव लिया जाये।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों को भी लगाया जाए। खंड विकास अधिकारी कर्वी से कहा कि इस नदी में जो नाले मिल रहे हैं, उनको भी चिन्हित करके उन पर भी मनरेगा योजना के तहत संबंधित ग्राम पंचायतों से खुदाई करवाई जाये। जो ग्राम पंचायतों के अंतर्गत ये बरुआ नदी आ रही है, उनका सीमांकन कराकर संबंधित ग्राम पंचायतों से मनरेगा से सफाई-खुदाई के कार्य करायें। इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, बीडीओ कर्वी आस्था पांडेय, सहायक विकास अधिकारी आईएसबी अम्बरीश त्रिपाठी, तकनीकी सहायक महेंद्र सिंह, प्रधान राजकुमार, सचिव मान सिंह तथा मुन्नालाल विश्वकर्मा समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# एक घंटे में गुम बालक को परिजनों के सुपुर्द किया

## परिजनों ने की पुलिस की सराहना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर गुमशुदा की बरामदगी को जारी अभियान में सीओ राजापुर शीतला प्रसाद पांडेय की अगुवाई में पहाड़ी पुलिस ने गुमशुदा बालक को एक घंटे के अंदर बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। शनिवार को पूर्वान्ह 11 बजे विजयनारायण निवासी देवल ने सीयूजी नम्बर में सूचना दी कि उनका छह वर्षीय बालक सौरभ गुम हो गया है, मिल नहीं रहा। वरिष्ठ दरोगा राहुल पांडेय ने सूचना बीट आरक्षी सूर्यकांत यादव को दी। बीट आरक्षी सूर्यकांत यादव ने बुद्धि कौशल का प्रयोग करते हुये गुमशुदा



बालक के परिजनों से उसकी फोटो लेकर खुद के बनाये अपने व्हाट्सएप ग्रुप में भेजी। आसपास जानकारी में पता चला कि खैरी गांव में महेश यादव को बालक मिला है। आरक्षी सूर्यकांत यादव ने उच्चाधिकारियों को सूचित कर परिजनों को सूचना दी।

दोपहर 12 बजे सीओ राजापुरएवं वरिष्ठ दरोगा राहुल पांडेय की मौजूदगी में बालक शौरभ को परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस की तत्परता से बालक के परिजनों ने पुलिस की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 21 की लोक अदालत को सफल बनाने को हुई बैठक



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि शनिवार को राष्ट्र विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 21 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा की अध्यक्षता में न्यायिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुयी।

शनिवार को बैठक में अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फारुंख इनाम सिद्दीकी ने बताया कि लोक अदालत को सफल बनाने को अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण पर जोर दिया। बैठक में रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव प्रथम अपर जिला जज, दीप नारायण तिवारी विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, विनीत नारायण पाण्डेय विशेष न्यायाधीश पाक्सो, संजय कुमार-2 अपर जिला जज/त्वरित न्यायालय, सूर्यकान्त धर दुबे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती विदुषी मेहा सिविल जज (सीडि), श्रीमती अदिति सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, सुश्री संघमित्रा न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय, सुश्री अंजलिका प्रियदर्शिनी सिविल जज (जूडि) एफटीसी मौजूद रहे।

# शिकायतकर्ता को मिलनी चाहिए संतुष्टि: डीएम

## फरियादियों की समस्यायें सुन दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की मौजूदगी में तहसील सभागार राजापुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। शनिवार को तहसीलदार राजापुर से डीएम-एसपी ने कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण करायें। समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि



शासन की मंशानुसार समय सीमा के भीतर समस्याओं का निस्तारण करें। उन्होंने ये भी कहा कि निस्तारण के साथ लाभार्थी को संतुष्टि मिलनी चाहिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में परियोजना निदेशक ऋषिमुनि उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, उप निदेशक कृषि राजकुमार, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, तहसीलदार राजापुर संजय अग्रहरि, अधिशासी अधिकारी राजापुर बीएन कुशवाहा, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी यशवंत कुमार मौर्य समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बीएसए ने गायब मिले पचास शिक्षकों का रोका वेतन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के पहले जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लवप्रकाश यादव के चार दिनों से निरंतर विद्यालयों के निरीक्षण से हलचल मच गई है। इस दौरान गैरहाजिर मिलने वाले पचास शिक्षकों का बीएसए ने वेतन रोक दिया है।



शनिवार को बीएसए लवप्रकाश यादव ने बताया कि मई माह के तीसरे सप्ताह में विद्यालय में शैक्षणिक कार्यों को लेकर लापरवाही होने की शिकायत मिलने पर स्कूलों की जांच की गई। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लव प्रकाश यादव ने मऊ, पहाड़ी व मानिकपुर ब्लाक के सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मानिकपुर ब्लाक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय ऐलहा, प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय केकरामार, उच्च प्राथमिक विद्यालय ऊंचाडीह, प्राथमिक विद्यालय ऊंचाडीह, कंपोजिट विद्यालय सकरौंहा, उच्च प्राथमिक विद्यालय मऊ गुरदरी, कंपोजिट विद्यालय रानीपुर कल्याणगढ़, कंपोजिट विद्यालय गिदुरहा, प्रावि बंभिया, उप्रावि बंभिया, प्रावि छोटी बंभिया, प्रावि कुसुमी, प्रावि जगन्नाथ पुरम, प्रावि बगरहा का निरीक्षण किया। उन्होंने 17 मई को मऊ विकासखंड के तुरगवां उप्रावि, हड़हा के प्रावि, मड़हा के कंपोजिट विद्यालय, गुर्दबान का पुरवा के प्रावि, किटहाई के कंपोजिट विद्यालय, बरगढ़ के कपूमावि, प्रावि, प्रावि भाग दो, लसही के प्रावि, उसरी के प्रावि और सुअरहा के कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया। पहाड़ी विकासखंड के अरछा और औदहा प्रथम के प्रावि, मिजार्पुर व कलेक्टर पुरवा के कंपोजिट वि, सुरसेन के प्रावि व चिल्लीमल के उप्रावि का निरीक्षण किया। यहां के गैरहाजिर शिक्षकों का वेतन रोका गया है।

# रामघाट में गिर रहा नाला बन्द न होने पर होगा आंदोलन: अजीत सिंह

## मन्दाकिनी में गन्दगी का अहम कारण है नाला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मन्दाकिनी सफाई अभियान के तहत बुंदेली सेना ने पांच दिनों में पन्नालाल घाट को गंदगी से मुक्त कर दिया है। ऐलान किया कि दिव्यांग रैम्प के पास सीधे नदी में गिर रहा नाला न रोका गया तो रामघाट के संतों व व्यापारियों को साथ लेकर आंदोलन किया जाएगा।

शनिवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि रामघाट में नाले की समस्या विकट है। गुप्त नाला दिव्यांग रैम्प के पास नदी में गिरता है। नाले से रोज बड़े पैमाने पर गंदगी और कचरा सीधे नदी में गिर रहा है।

सिंचाई विभाग, नगर पालिका और जल निगम इस नाले को लेकर एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराते हैं। लेकिन अब नाले को लेकर मनमानी नहीं चलेगी। रामघाट के नाविक, संत और व्यापारी सभी से वार्ता हुई है। जल्द ही



आंदोलन कर विभागों की कलई खोली जायेगी। नाले के ऊपर बैठकर ही आंदोलन तब तक चलेगा, जब तक जिलाधिकारी और जनप्रतिनिधि मौके पर नहीं पहुंचते।

बुंदेली सेना पिछले पांच दिनों से सफाई अभियान में लगी है। नयागांव रपटा से बूडे हनुमान मंदिर तक नदी को स्वच्छ करने का सेना ने बीडा उठाया है। नदी प्रदूषण करने वाले कारकों को चिन्हित कर इन पर ठोस और प्रभावी रणनीति बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। दस दिन में विभाग न चेते और नाले की गंदगी न रोकी तो आंदोलन की हुंकार भरी जायेगी। नाला रामघाट में गंदगी की एक अहम वजह है और नाले को लेकर सभी उदासीन हैं।

## ई रिक्शा चालक ने गुलदार को देखा तो छूट गए पसीनें

**नगीना। सवारी छोड़कर** लौट रहे ई रिक्शा चालक के पुलिया के पास गुलदार बैठा देख पसीने छूटे। ई रिक्शा चालक ने रिक्शा छोड़ गांव के एक खंडार में छुप कर अपनी जाना बचाई रिक्शा चालक ने बताया कि शायद गुलजार की नजर उस पर नहीं पडी होगी।

स्थानीय मोहल्ला शेख सराय निवासी नौशाद नामक युवक रात के समय ई रिक्शा चलाता है। नौशाद गुरुवार की देर रात नगीना से सवारी भरकर बढ़ापुर गया था। सवारी छोड़कर वापस लौट रहा था। जब वह नगीना बढ़ापुर मार्ग स्थित ग्राम खाजूवाला के पास पहुंचा तो उसे गांव से थोड़ी दूर एक पुलिया पर गुलदार बैठा दिखाई दिया। नौशाद के गुलदार देखने से पसीने छूट गए और वह अपनी जान बचाते हुए पास के ही एक घेर की दीवार फांदकर उसमें में जाकर छिपक गया। काफी देर बीत जाने पर नगीना को आ रहे वाहन के पीछे अपने ई रिक्शा दौड़ते हुए किसी तरह से नगीना पहुंचा। नगीना पहुंचने पर गुलदार की अपनी आपबती परिजनों को बताई जिसको सुनकर नौशाद के परिजन सुन पड़ गए। उधर सुबह होने पर नौशाद ने गुलदार की आपबीती सुनाई और बताया कि यदि गुलदार की निगाहें उस पर पड़ जाती तो वह जीवित नहीं बच पाता। उसने खुद आकर लाख-लाख शुक्रिया अदा किया। शायद वह नहीं बच पाता। नौशाद ने बताया कि रात्रि के समय ट्रेनों और बसों द्वारा दूरदराज से आने वाले यात्रियों को उसकी मजबूरी को देखते हुए उन्हें छोड़ने आना जाना पड़ता है।

# विदेश संदेश

## ट्विटर ने माइक्रोसॉफ्ट पर लगाया अपने डाटा के दुरुपयोग का आरोप, कानूनी जंग शुरू होने की आशंका

**वाशिंगटन।** ट्विटर के एक वकील ने प्रौद्योगिकी दिग्गज कंपनी माइक्रोसॉफ्ट पर अपनी सेवाओं से जुड़े डाटा के दुरुपयोग का आरोप लगाया है और बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी से उसका ऑडिट कराने की मांग की है। पत्र में प्राथमिक तौर पर माइक्रोसॉफ्ट पर ट्विटर के




ट्वीट डाटाबेस के दुरुपयोग का आरोप है। लेकिन, यह कदम दोनों कंपनियों के बीच कानूनी जंग शुरू होने का आभास देता है।

**पेन अमेरिका गाला में सम्मानित हुए रुश्दी**

नौ माह पूर्व जानलेवा हमले में बाल-बाल बचे सलमान रुश्दी पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए और उन्हें पेन शताब्दी साहस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

रुश्दी मैनहट्टन में 'अमेरिकन म्यूजियम ऑफ नैचरल हिस्ट्री' में न्यूयॉर्क शहर में साहित्यिक और स्वतंत्र अभिव्यक्ति संगठन 'पेन अमेरिका' के वार्षिक कार्यक्रम में शामिल हुए। वह इस संगठन के अध्यक्ष रह चुके हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए रुश्दी ने कहा, आतंकवाद हमें आतंकित न करे। हिंसा हमें रोक न पाए। संघर्ष जारी है।

## चीन से संबंधित मुद्दों पर बाइडन और किशिदा ने जताई एकजुटता, हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर की चर्चा

**टोक्यो।** दुनिया की सात विकसित अर्थव्यवस्थाओं के समूह के नेताओं ने यहां चीन को लेकर इस बात पर चर्चा की कि चीनी चिंता को कार्रवाई में कैसे बदला जाए। इस बीच जापान के पीएम फुनियो किशिदा ने अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ बैठक में चीन से संबंधित मुद्दों पर मिलकर काम करने और साझा चुनौतियों पर एकजुटता पर सहमति जताई। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय मुद्दों पर वैचारिक आदान-प्रदान किया। बाइडन और किशिदा ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र, विशेष रूप से पूर्वी एशिया में चीनी बल द्वारा यथास्थिति को बदलने के किसी भी एकतरफा प्रयास को बर्दाश्त न करने का संकल्प भी लिया। बाइडन इस वक्त जी-7 बैठक में हिस्सा लेने के लिए हिरोशिमा में हैं। दोनों नेताओं ने ताइवान स्ट्रेट में शांति-स्थिरता के महत्व को दोहराया और जापान-अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार समिति के आधार पर गठबंधन क्षमताओं को और मजबूत करने पर सहमति जताई। बाइडन ने जापान-दक्षिण कोरिया के बीच रिश्तों में सुधार का स्वागत किया। बाइडन और किशिदा ने ग्लोबल साउथ का समर्थन करने की पुष्टि भी की। बता दें कि बाइडन प्रशासन गत दो वर्षों से वाशिंगटन और कुछ पश्चिमी लोकतंत्रों से मिलकर चीन के आर्थिक जबरदस्ती पर लगातार मजबूत प्रतिक्रिया देने की मांग करता रहा है। लेकिन जी-7 में जलवायु परिवर्तन, उत्तर कोरिया, यूक्रेन तथा विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की बढ़ती संख्या की ऋष्टा समस्याओं पर भी चीन से सहयोग की जरूरत बताई। बाइडन-किशिदा ने साझा होकर कहा कि क्षेत्र के आर्थिक क्रम में अमेरिकी जुड़ाव तेजी से अहम होता जा रहा है। उन्होंने हिंद-प्रशांत आर्थिक ढांचा (आईपीईएफ) पर भी चर्चा की। दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के महत्व को साझा किया। जापानी विदेश मंत्रालय ने किशिदा के हवाले से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति व स्थिरता को आधारशिला बताया।

## इंसानी लापरवाही और जलवायु परिवर्तन ने सुखा दीं दुनिया की आधी से ज्यादा झीलें

**काठमांडू।** जलवायु परिवर्तन और इंसानी लापरवाही के चलते दुनियाभर की आधी से ज्यादा बड़ी झीले तेजी से सूख रही हैं। अमेरिका के वर्जीनिया विश्वविद्यालय के फांगफैंग याओ ने शोध के आधार पर दावा किया है कि 1990 के बाद से इन झीलों का अरबों लीटर पानी भाप बनकर उड़ चुका है और फिर से इनके पूरी तरह भरने की संभावनाएं कम हैं। इस शोध को हाल ही में साइंस जर्नल में प्रकाशित किया गया है। याओ के नेतृत्व में विज्ञानियों ने दुनिया के 95 फीसदी झील जल का प्रतिनिधित्व करने वाली 2,000 सबसे बड़ी झीलों का अध्ययन किया। इस अध्ययन में पता चला कि हर साल झीलों से 215 खरब लीटर पानी कम हो रहा है। अध्ययन के मुताबिक इलाकों में पहले से ज्यादा बारिश के बाद भी झीलें लगातार सूखती जा रही हैं, क्योंकि तापमान बढ़ने से ज्यादा पानी भाप बन कर उड़ रहा है।

# हिरोशिमा में हुई मोदी-बाइडन मुलाकात, मोदी के पास आकर गले मिले बाइडन

**टोक्यो।** जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने हिरोशिमा पहुंचे भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की मुलाकात गर्मजोशी से भरी रही। जो बाइडन स्वयं मोदी के पास आए और फिर दोनों नेता गले मिले।

जापान के हिरोशिमा में हो रहे जी-7 सम्मेलन में भारत को बतौर मेहमान देश के रूप में आमंत्रित किया गया है। भारत के अलावा इस सम्मेलन में इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, वियतनाम और ऑस्ट्रेलिया भी बतौर मेहमान देश शामिल हो रहे हैं।

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब इस शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंचे, उसी समय अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन भी वहां पहुंचे। बैठक हॉल में प्रवेश करते ही बाइडन खुद पीएम मोदी के पास आए। पीएम मोदी ने उनसे गले मिलकर अभिवादन किया, जिसके बाद दोनों नेताओं के बीच कुछ बातें भी हुई। पीएम मोदी जी-7 सम्मेलन के लिए जापान में 19 से 21 मई तक रहेंगे।

**पद्मश्री डॉ. तोमियो मिजोकामी से मिले**

इससे पहले मोदी ने आज जापान के हिंदी व पंजाबी भाषा के जानकार और पद्मश्री से सम्मानित



मशहूर लेखक डॉ. तोमियो मिजोकामी और जापान की मशहूर चित्रकार हिरोको ताकायामा से भी मुलाकात की। डॉ. तोमियो से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए कहा कि प्रोफेसर तोमियो मिजोकामी से मिलकर उन्हें खुशी हुई। वह हिंदी और पंजाबी भाषा के जानकार हैं और जापान के लोगों के बीच भारतीय संस्कृति को लोकप्रिय बनाने में उनकी अहम भूमिका है।

**कोरिया के राष्ट्रपति से मुलाकात**

भारतीय प्रधानमंत्री मोदी की कोरिया गणतंत्र के राष्ट्रपति के साथ अहम बैठक हुई। अच्छे दोस्त रहे भारत और कोरिया गणतंत्र सांस्कृतिक तौर पर भी जुड़े हैं। इस बैठक में दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने की दिशा में अहम बातचीत हुई।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि भारत और कोरिया के कूटनीतिक रिश्तों को इस साल 50 साल पूरे हो रहे हैं। इस मौके पर दोनों देशों के नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति जताई। दोनों देश व्यापार, निवेश, उच्च तकनीक, आईटी हार्डवेयर, मैन्युफैक्चरिंग, डिफेंस, सेमीकंडक्टर और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में रिश्तों को मजबूत करने पर सहमत हैं। साथ ही भारत की जी20 बैठक की अध्यक्षता और हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में कोरिया की रणनीति पर भी चर्चा हुई।

## पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा सहित 500 अमेरिकी नागरिकों के रूस प्रवेश पर पाबंदी

**रूस से जुड़े 100 संस्थानों और लोगों पर अमेरिका ने लगाया प्रतिबंध**

**मॉस्को।** रूस ने 500 अमेरिकी नागरिकों के रूस प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है। इससे पहले अमेरिका ने 100 रूसी संस्थानों व लोगों को प्रतिबंधित कर दिया था। यूक्रेन पर हमले के बाद रूस पर अमेरिका की ओर से लगातार प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। अब रूस ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और टेलीविजन जगत की ओर से कई बड़ी हस्तियों सहित 500 अमेरिकी नागरिकों के रूस में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है।

रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि बाइडन प्रशासन की तरफ से बार-बार रूस पर लगाए जा रहे



प्रतिबंधों के मद्देनजर अब पुतिन सरकार भी 500 अमेरिकियों के लिए अपने दरवाजे बंद कर रही है। इससे पहले अमेरिका ने रूस से जुड़े 100 से ज्यादा संस्थानों और लोगों को प्रतिबंधित कर दिया था। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका को काफी पहले सीख लेना चाहिए था कि उसका कोई भी दुश्मनी वाला कदम बिना जवाब के नहीं होगा। रूस ने जिनको प्रतिबंधित किया है, उनमें टीवी होस्ट स्टीफन कोल्बर्ट, जिमी किमेल और सेथ मायर्स भी शामिल हैं।

सीएनएन एंकर एरिन बर्नेट और एमएसएनबीसी प्रेजेंटर्स जो स्कारबरो के नाम भी इस सूची में हैं। रूस ने कहा है कि उसने अमेरिकी सांसदों और रूस के खिलाफ गलत जानकारी फैलाने वाले थिंक टैंक के लोगों को भी काली सूची में डाल दिया है। इसके अलावा यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों के प्रमुख अधिकारियों को भी प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की का जापान जाने का कार्यक्रम

**वाशिंगटन।** रूस के आक्रमण का सामना कर रहे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का इस सप्ताहांत जापान की यात्रा का कार्यक्रम है। वह इस दौरान हिरोशिमा पहुंच सकते हैं। इसका मकसद जी-7 समूह के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे सदस्य देशों के नेताओं मुलाकात करना है। अमेरिका मीडिया की कुछ रिपोर्टों में यूक्रेन की राष्ट्रीय रक्षा परिषद के प्रमुख ओलेक्सी डेनिलोव के हवाले से यह जानकारी दी गई



है। ओलेक्सी डेनिलोव ने राष्ट्रपति जेलेंस्की की यात्रा की घोषणा राष्ट्रीय टेलीविजन पर की है। इसमें कहा गया है कि जेलेंस्की शिखर सम्मेलन के समूह में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहेंगे। एक यूक्रेनी अधिकारी ने कहा है कि जेलेंस्की जापान कब पहुंचेंगे, इसे सुरक्षा कारणों की वजह से स्पष्ट नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस शिखर सम्मेलन में रूस-यूक्रेन संघर्ष पर भी चर्चा होने की संभावना है।

## सऊदी अरब में भारतीय को घर के गेट पर स्वास्तिक बनाना पड़ा महंगा, भेजा गया जेल

**रियाद।** सऊदी अरब में एक भारतीय इंजीनियर को अपने घर के गेट पर स्वास्तिक बनाना महंगा पड़ गया। पड़ोसी की शिकायत पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आंध्र प्रदेश के गुंटूर के रहने वाले 45 वर्षीय केमिकल इंजीनियर एक साल से भी ज्यादा समय से सऊदी अरब में रहकर नौकरी कर रहे हैं। पिछले माह इंजीनियर ने अपने परिवार को भी सऊदी अरब बुला लिया था। परिजनों ने अपनी धार्मिक मान्यता के चलते अपने फ्लैट के गेट पर स्वास्तिक का निशान बना दिया। इसे उनके पड़ोसी एक स्थानीय अरब व्यक्ति ने हिटलर का नाजी निशान समझ लिया।

पड़ोसी ने इसकी शिकायत पुलिस को की और अपनी जान को खतरा बताया। शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आंध्र के इंजीनियर को गिरफ्तार कर लिया। इंजीनियर ने काफी समझाने की कोशिश की कि यह नाजी निशान नहीं बल्कि हिंदू धर्म का पवित्र निशान है लेकिन पुलिस अधिकारी नहीं माने और इंजीनियर को जेल भेज दिया।



सूचना मिलने पर एनआरआई एक्टिविस्ट मुजम्मिल शेख, भारतीय इंजीनियर की मदद के लिए आगे आए और उन्होंने अधिकारियों को समझाया तो आखिरकार पुलिस वाले मान गए। हालांकि शनिवार और रविवार को छुट्टी का दिन होने के चलते भारतीय इंजीनियर को बिना किसी अपराध के दो दिन जेल में बिताने होंगे। मुजम्मिल शेख ने बताया कि संस्कृति की गलतफहमी के चलते यह घटना हुई। हमने अधिकारियों को बताया कि स्वास्तिक का निशान हिंदू धर्म में काफी पवित्र माना जाता है और सुख-समृद्धि के लिए इसे घरों के गेट पर बनाया जाता है। सऊदी अरब में भारतीय समुदाय के लिए काम करने वाले केरल के नैस शौकत अली ने भी भारतीय इंजीनियर की मदद की।

## निजगढ़ में नेपाल के चौथे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण की घोषणा



**काठमांडू।** निजगढ़ में नेपाल का चौथा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनने जा रहा है। प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार ने अपनी नीतियों और कार्यक्रमों में इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण को बढ़ाने का उल्लेख किया है। नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शुक्रवार को संसद में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए नीति एवं कार्यक्रम पेश करते हुए बारा जिले के निजगढ़ में इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण की प्रक्रिया तेज करने की घोषणा की। अनुमान है कि निजगढ़ में इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण के लिए 3 मिलियन पेड़ों को काटने की जरूरत है । पर्यावरणविद् इसका विरोध करते रहे हैं। निजगढ़ विहार के सीमावर्ती शहर रक्सौल से 50 किमी दूर है। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने भी निजगढ़ में एयरपोर्ट नहीं बनाने का आदेश जारी किया था। हालांकि, बाद में एक और आदेश जारी किया गया, जिसमें कहा गया कि इसे कम पर्यावरणीय क्षति के साथ बनाया जा सकता है। नेपाल पर्यावरणविद् इसका विरोध करते रहे हैं। नेपाल में त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अलावा पोखरा और भैरहवा में इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। हालाँकि, केवल काठमांडू का त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट ही चालू है।

## बांग्लादेश पहुंचने पर शंकराचार्य अधोक्षजानंद का भव्य स्वागत

**हवाई अड्डे पर पंकज नाथ समेत कई सांसदों ने की शंकराचार्य की आगवानी**

**–गौड़िया मठ में बांग्लादेश के भक्तों ने किया जगद्गुरु की परंपरागत ढंग से स्वागत**

**–बांग्लादेश स्थित शक्ति**

श्रद्धालुओं और मठ के भक्तों ने गाजे-बाजे के साथ पारंपरिक तरीके से जगद्गुरु देव तीर्थ का भव्य स्वागत किया। शंकराचार्य जी ने मठ में उपस्थित लोगों को आशीर्वाद भी दिया।



गौड़िया मठ में उपस्थित प्रमुख लोगों में विश्व हिन्दू परिषद, बांग्लादेश चैप्टर के संयुक्त महामंत्री सुजन डे, बांग्लादेश में सत्तारुढ़ राजनीतिक दल के वरिष्ठ नेता एसके बादल, बांग्लादेश हिन्दू परिषद के महामंत्री एसके मिश्रा समेत विभिन्न हिन्दू संगठनों और छात्र संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल रहे। गोवर्धन पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अधोक्षजानंद देव तीर्थ जी महाराज बांग्लादेश में प्रवास कर यहां स्थित विभिन्न शक्ति पीठों का दर्शन और पूजन करेंगे। इस दौरान जगद्गुरु जगह-जगह श्रद्धालुओं को आशीर्वचन भी देंगे। शंकराचार्य जी के स्वागत में 20 मई को ढाका में एक विशाल कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। बांग्लादेश प्रवास के दौरान जगद्गुरु शंकराचार्य ढाका स्थित ढाकेश्वरी शक्ति पीठ, शिकारपुर में सुगन्धा शक्ति पीठ, सतखीरा जिले में यशोरेश्वरी शक्ति पीठ, चिट्टागौंग जिले में चन्द्रनाथ पर्वत शिखर पर चट्टल भवानी शक्ति पीठ, बागुरा में अपर्णा शक्ति पीठ और सिलहट जिला में श्री शैल महालक्ष्मी शक्ति पीठ पहुंचकर देवी माता के सभी मंदिरों में दर्शन और पूजन करेंगे। गोवर्धन पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अधोक्षजानंद देव तीर्थ जी महाराज 19 नवम्बर 2021 से 12 ज्योतिर्लिंगों एवं 52 शक्ति पीठों की यात्रा पर हैं। सम्पूर्ण भारत का भ्रमण कर अधिकतर ज्योतिर्लिंगों और शक्ति पीठों का दर्शन-पूजन सम्पन्न कर लेने के बाद शंकराचार्य जी ने पड़ोसी देशों में स्थित शक्ति पीठों के दर्शन की यात्रा दूसरे चरण में प्रारम्भ की है। नेपाल और श्रीलंका की यात्रा के बाद अब वह बांग्लादेश पहुंचे हैं। शंकराचार्य के साथ भारत के संतों और विद्वानों का एक सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल भी बंग्लादेश की यात्रा पर है। इस क्रम में जल्द ही वह तिब्बत और पाकिस्तान स्थित शक्ति पीठों की भी यात्रा करेंगे।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## 'ये गलत शब्द है..', रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत पर दबाव बनाने के सवाल पर भड़के अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार

**टोक्यो।** भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-7 सम्मेलन में शामिल होने के लिए जापान दौरे पर हैं। इस दौरान उनकी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से भी मुलाकात का कार्यक्रम है। ऐसे में अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन से सवाल किया गया कि क्या अमेरिका, रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत पर दबाव बनाएगा? इसके जवाब में अमेरिकी एनएसए जैक सुलिवन ने कहा कि - लगता है कि दबाव, गलत शब्द है।'

अमेरिकी एनएसए ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 'दबाव एक गलत शब्द है। मेरा मतलब है कि राष्ट्रपति बाइडन अहम नेताओं के साथ इस तरह काम नहीं करते। हालांकि हम इस



अवसर पर भारतीय प्रधानमंत्री और ब्राजीन के राष्ट्रपति से बातचीत करेंगे कि किस तरह से दोनों देश उत्पादक भूमिका निभा सकते हैं। सुलिवन ने कहा कि ब्राजील ने कई यूएन जनरल असेंबली के प्रस्तावों का समर्थन किया है और इसके लिए राष्ट्रपति लुला को धन्यवाद दिया जाएगा।%

जैक सुलिवन ने कहा कि यूक्रेन मुद्दे के अलावा भी कई अन्य अहम मुद्दों पर भी बातचीत होगी। बता दें कि जापान के हिरोशिमा में हो रहे जी-7 सम्मेलन में भारत को बतौर मेहमान देश के रूप में आमंत्रित किया गया है। भारत के अलावा इस सम्मेलन में इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, वियतनाम और ऑस्ट्रेलिया भी बतौर मेहमान देश शामिल हो रहे हैं। जापान में जी-7 सम्मेलन के अलावा क्वाड की बैठक भी होनी है। पहले यह बैठक ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में आयोजित होनी थी लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा अपना दौरे में कटौती की है, जिसकी वजह से अब क्वाड की बैठक जापान में आयोजित होगी। जी-7 की बैठक में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिरी जेलेंस्की भी शामिल होंगे और उनकी पीएम मोदी से द्विपक्षीय मुलाकात भी हो सकती है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-7 सम्मेलन में शामिल होने के लिए जापान दौरे पर हैं। इस दौरान उनकी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से भी मुलाकात का कार्यक्रम है। ऐसे में अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन से सवाल किया गया कि क्या अमेरिका, रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत पर दबाव बनाएगा? इसके जवाब में अमेरिकी एनएसए जैक सुलिवन ने कहा कि 'मुझे लगता है कि दबाव, गलत शब्द है।'

## कौन हैं पद्मश्री से सम्मानित मिजोकामी, जिनसे नेताओं की बैठक के बीच मिलने पहुंच गए पीएम मोदी?

**टोक्यो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-7 के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए जापान के हिरोशिमा पहुंच गए हैं। वह जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के न्योते पर हिरोशिमा आएं हैं। दरअसल जापान, जी-7 समूह के मौजूदा अध्यक्ष के रूप में इसके शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है और भारत को इसमें अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस दौरान, पीएम मोदी ने प्रसिद्ध जापानी लेखक पद्मश्री डॉक्टर तोमियो मिजोकामी से मुलाकात की।

**पीएम मोदी ने की तारीफ**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि पीएम मोदी और मिजोकामी के बीच बातचीत हुई। जापान में भारतीय साहित्य को बढ़ावा देने और दोनों देशों को करीब लाने में योगदान के लिए पीएम ने मिजोकामी की सराहना की। पीएम नरेंद्र मोदी ने तोमियो से हुई मुलाकात को लेकर कहा कि हिरोशिमा में प्रोफेसर तोमियो मिजोकामी के साथ बातचीत करके बहुत खुशी हुई। वह एक प्रतिष्ठित हिंदी और पंजाबी भाषाविद् हैं। उन्होंने जापान के लोगों के बीच भारतीय संस्कृति और साहित्य को लोकप्रिय बनाने के लिए कई प्रयास किए हैं। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने प्रमुख जापानी चित्रकार हिरोको ताकायामा से भी बातचीत की। पीएम ने कहा कि उन्होंने भारत के साथ घनिष्ठ संबंध रखने वाली सम्मानित कलाकार हिरोको ताकायामा से मुलाकात की।